26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : मंगलवार, 25 अगस्त , 2026
अंक- 301 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 16

# बेटा श्रीनगर से घर आया तो बंद घर में मां का शव मिला

## पुलिस व फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल पहुंचकर जांच शुरू की

मंडावली/नजीबाबाद (चिंगारी)। क्षेत्र के ग्राम मिर्जापुर सैद उर्फ नयागांव में आज सुबह बंद कमरे में एक महिला का शव मिलने से सनसनी फैल गई। जानकारी के अनुसार मृतक महिला का बेटा आसिफ आज सुबह श्रीनगर से किसी कार्य से घर आया था, उसने देखा बाहर से कमरे का ताला लगा हुआ है, घर पर




घटना स्थल पर मौजूद पुलिस व ग्रामीण व मृतका का फाइल फोटो।

कोई नहीं है। उसने अपने पिता अहमद हसन के मोबाइल नंबर पर कॉल की लेकिन मोबाइल नंबर बंद आया। आसिफ के पास घर की दूसरी चाबी थी, उसने कमरे का ताला खोला तो देखा अन्दर उसकी मां शहनाज (42वर्ष) मृत अवस्था में पड़ी है। उसने घटना की तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना पर मंडावली थाना प्रभारी वीरेंद्र कुमार पुलिस टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे तथा उन्होंने घटना के संबंध में मृतका के बेटे आसिफ से जानकारी ली। आसिफ ने पुलिस को बताया कि वह अपने भाईयों के साथ श्रीनगर में रहता है तथा वहां सैलून का काम करता है। उसके माता पिता श्रीनगर में ही उसके पास रहते है। मंगलवार को दोनों नया गांव घर पर आए थे। उसने बुधवार को अपने माता पिता से फोन पर बात की थी। उसके बाद उसकी बात नहीं हुई और आज सुबह उसके घर पहुंचने पर अपनी मां शहनाज को उसने मृत पाया। आसिफ ने बताया कि आएदिन उसके माता-पिता आपस में झगड़ते रहते थे। घटना के बाद बिजनौर से फॉरेंसिक टीम ने भी घटनास्थल पहुंचकर जांच की। थाना प्रभारी वीरेंद्र कुमार ने बताया कि मृतका के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। शव कई दिन पुराना लग रहा है। मामले की जांच की जा रही है।




## संतों का रामनगरी में आंदोलन का एलान

अयोध्या स्थित राम मंदिर चढ़ावे के कथित विवाद को लेकर संत समाज की बैठक में मंगलवार को उस समय हंगामा हो गया, जब बैठक स्थल पर अयोध्या पुलिस और इंटेलिजेंस के जवान पहुंच गए। संतों ने आरोप लगाया कि उन्हें राम मंदिर चढ़ावे के कथित विवाद पर बैठक और चर्चा करने से रोका गया। बैठक स्थल से मीडिया कर्मियों को बाहर किए जाने को लेकर भी संतों और पुलिस के बीच तनातनी की स्थिति बनी। पुलिस और एलआईयू की तैनाती से संतों में नाराजगी और बढ़ गई। कंप्यूटर बाबा की अध्यक्षता में हुई बैठक में संतों ने राम मंदिर चढ़ावे के कथित घोटाले की उच्चस्तरीय जांच के साथ सीबीआई जांच की मांग उठाई।

# किसान-मजदूर का सम्मान, भाजपा की पहचान- प्रिंस



बिजनौर (चिंगारी)। भाजपा नेता प्रिंस चौधरी ने बिजनौर विधानसभा क्षेत्र के मौ. देवमल मंडल अंतर्गत ग्राम जंदरपुर व नया गांव में किसान-मजदूर चौपाल के माध्यम से ग्रामवासियों के साथ संवाद किया। इस अवसर पर भाजपा सरकार द्वारा संचालित विभिन्न लोककल्याणकारी योजनाओं एवं उनके माध्यम से आमजन, विशेषकर किसान-मजदूर भाइयों के जीवन में आए सकारात्मक परिवर्तनों की जानकारी साझा की। साथ ही मातृशक्ति को उपहार भेंट कर सम्मानित किया और उनका स्नेह एवं आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम में कार्यक्रम अध्यक्ष देवेंद्र सिंह, देवेंद्र राजपूत, वीरेन्द्र सिंह, सुरेश शर्मा, नरेश राजपूत, बाबू राम, आदित्य राजपूत, तुषार गौरांग, सूरज, सौरभ शर्मा, राजीव शर्मा, अंजना, सोनू, अरुण कुमार, पूर्व मंडल अध्यक्ष राजेंद्र सिंह एवं विष्णु पथ, दिनेश शर्मा एवं अमरजीत सिंह सहित सम्मानित कार्यकर्ता एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# सैलरी न मिलने से विद्युत विभाग के संविदाकर्मी परेशान

## 'दाम नहीं तो काम नहीं' की नीति का ऐलान

नहटौर (चिंगारी)। विद्युत विभाग में संविदाकर्मी के रूप में कार्य कर रहे धामपुर डिवीजन के सैकड़ों कर्मचारियों की सैलरी नहीं मिली है। जिसके कारण उनके सामने आर्थिक संकट गहरा गया है।

पश्चिमांचल विद्युत वितरण मंडल धामपुर के समस्त विद्युत उपकेंद्र के कार्यरत निविदा कर्मियों की आपूर्ति का टेंडर ग्लोब टेक क्रिएशन प्राइवेट लिमिटेड महाराजगंज को मिला है। जिसके अंतर्गत धामपुर डिवीजन में करीब 518 कर्मचारी लगे हुए हैं। उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन निविदा संविदा कर्मचारी संघ का आरोप है कि सैकड़े कर्मचारियों को बीती कंपनी द्वारा एक से दो माह तक का भुगतान नहीं किया गया। वर्तमान कंपनी द्वारा भी एक महीने का भुगतान नहीं किया गया है, जिसके कारण कर्मचारियों के समक्ष आर्थिक संकट गहरा गया है। कर्मचारी संघ के धामपुर डिवीजन अध्यक्ष सुनील कुमार ने बताया विद्युत अधिकारियों एवं कंपनी प्रतिनिधि के समक्ष वार्ता हुई थी। जिसके अंतर्गत 22 अगस्त तक कर्मचारियों का समस्त भुगतान करना था, जो अभी तक नहीं किया गया, केवल चंद कर्मचारियों को भुगतान मिला है। दाम नहीं तो काम नहीं (नो पे नो वर्क) को लेकर रणनीति बनाई जा रही है। वहीं, कंपनी प्रतिनिधि सुखबीर सिंह ने बताया कि 518 कर्मचारियों में से 240 कर्मचारियों की सैलरी उनके खातों में पहुंच चुकी है। इनके अलावा कंपनी की ओर से सभी की सैलरी शनिवार के दिन ही बैंक में भेज दी गई थी। जल्द ही उनके खातों में स्थानांतरित हो जाएगी। कंपनी की ओर से किसी की कोई सैलरी नहीं रोकी गई है।


RC EYE & DENTAL HOSPITAL
R.C. EYE HOSPITAL
आँखों की सम्पूर्ण देखभाल एक ही छत के नीचे
सही जाँच, सही ईलाज, उत्तम परिणाम



डॉ. रचित अग्रवाल
MS (Ophthalmology)
Cataract, Retina & Cornea Specialist
10,000+ सफलतापुर्वक (Cataract) मोतियाबिंद ऑपरेशन
500+ कॉर्निया प्रत्यारोपण (Cornea Transplant) सफलतापुर्वक सम्पन्न
रेटिना, ग्लूकोमा एवं लेजरसे जुड़े के उपचार में विशेषज्ञता
उच्च स्तर की मशीनों एवं उन्नत माँ र्ण तकनीक द्वारा ऑपरेशन
हर उम्र के मरीजों का संपूर्ण नेत्र रोगों का निवारण
अनुभव, विशेषज्ञता और आधुनिक तकनीक के साथ उत्त्कूष्ट नेत्र चिकित्सा
आधुनिक तकनीक हमारी ताकत
हमारे पास नवीन लेजर टेक्नालॉजी, फैको मशीन आदि अत्याधुनिक मशीनें उपलब्ध हैं।
नेत्र रोग विशेषज्ञ उपलब्ध
मोतियाबिंद, रेटिना में मधुमेह से होने वाले रोग, ग्लूकोमा, कॉर्निया एवं अन्य सभी नेत्र रोगों का उपचार
हमारी सुविधाएँ
आयुष्मान भारत योजना के तहत इलाज की सुविधा
उद्घाटन विशेष ऑफर
नेत्र विशेषज्ञ OPD शुल्क
मात्र ₹50/-
सिर्फ पचास रुपये
* यह शुल्क केवल OPD परामर्श के लिए है।
हमारी सेवाएँ
आधुनिक मोतियाबिन्द ऑपरेशन एवं उपचार
रेटिना, ग्लूकोमा, मोतियाबिंद एवं इलाज
बच्चों की आँखों की जाँच एवं उपचार
आई आई एवं कॉस्मेटिक लेंस संबंधित उपचार
कम्प्यूटर से जुडे डिजिटल उपकरणों द्वारा जाँच.
आसाथल का पता
आर.सी. आई एंड डेंटल हॉस्पिटल
बैराज रोड, वैष्णो विहार कॉलोनी के सामने,
बिजनौर (उ.प्र.) – 246701
8171742659, 7088210708
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें
आपकी आँखों की रोशनी, हमारी जिम्मेदारी | आपकी मुस्कान, हमारी प्राथमिकता



बिजनौर में खुल गया है
ATHER
कम डाउन पेमेंट
कम ब्याज दर
आज ही लायें एथर स्कूटर
ATHER

बिजनौर/धामपुर में एथर शोरूम के लिये आवश्यकता है- शोरूम मैनेजर, सेल्स एक्सयूटिव एवं मैकेनिक की।
मो. 8192801901
Dhruvika Motors
Ankur Heights Opp- IOC Petrol Pump
Near Axis Bank, Kiratpur Road Bijnor
246701 Ph- 9240083911

# सिफारिश मुझे पसंद नहीं, सीधे मिलें पीड़ित- एसपी

## भरोसे की पर्ची से जनता का विश्वास जीतेगी पुलिस

## सीयूजी पर भेजे गये हर मैसेज पर होगी कार्रवाई

## मेरा सीयूजी उठेगा तो मतलब सबका सीयूजी नम्बर देगा रिस्पांस

**बिजनौर ( चिंगारी )।** नवागत पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार ने कल अपनी पहली प्रेस वार्ता में जो तेवर दिखाये, उससे स्पष्ट है कि जिले में अब पुलिसिंग में बदलाव होने जा रहा है। एसपी ने दो टूक कहा, ‘सिफारिश मुझे पसंद नहीं, पीड़ित सीधे मिलें’। इसी के साथ पुलिस अधीक्षक ने कहा ‘भरोसे की पर्ची’ से पुलिस जनता का विश्वास जीतेगी।

पुलिस लाइन में आयोजित प्रेस कांफ्रेस में पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार ने बताया कि ज़िले के सभी थानों और पुलिस अफसरों के कार्यालयों में पर्ची व्यवस्था लागू की जायेगी। जो भी पीड़ित अपनी फरियाद लेकर पहुंचेगा, उसे पर्ची दी जाएगी। इस पर्ची को ‘भरोसे की पर्ची’ का नाम दिया जायेगा। यह पर्ची सुनिश्चित करेगी कि फरियादी पुलिस पर भरोसा रखें।



इसी के साथ नवागत एसपी ने कहा, ‘कानून-व्यवस्था, जनसुनवाई, अपराध नियंत्रण, साइबर क्राइम और जनता से पुलिस के अच्छे व्यवहार पर भी फोकस रहेगा’। उन्होंने कहा कि पुलिस का मुख्य उद्देश्य आमजन में सुरक्षा का भरोसा कायम रखना और पीड़ित को त्वरित एवं निष्पक्ष न्याय दिलाना है।

**एसपी ने ज़ोर देकर कहा, ‘जनसुनवाई प्राथमिकता होगी। प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से लेते हुए उसके प्रभावी निस्तारण का प्रयास किया जाएगा’। एसपी ने कहा, ‘मेरे सीयूजी पर भेजे गये हर मैसेज पर कार्रवाई होगी। मेरा सीयूजी उठेगा तो मतलब सबका सीयूजी नम्बर रिस्पांस देगा’।**

### असामाजिक तत्वों और भू-माफिया पर रहेगी कड़ी नजर

एसपी कृष्ण कुमार ने अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के संकेत देते हुए कहा कि गुंडा किस्म के लोगों, अपराधी प्रवृत्ति के व्यक्तियों और भू-माफिया जैसे तत्वों को चिन्हित किया जाएगा। ऐसे लोगों की गतिविधियों पर लगातार नजर रखी जाएगी। कानून के दायरे में उनके खिलाफ प्रभावी कार्रवाई की जाएगी। किसी भी व्यक्ति को कानून-व्यवस्था या साम्प्रदायिक सौहार्द नहीं बिगाड़ने दिया जाएगा।

### झूठी शिकायत करने वालों पर भी होगी कार्रवाई

**एसपी ने कहा कि पुलिस प्रत्येक शिकायत की निष्पक्षता से जांच करेगी, यदि जांच में कोई शिकायत झूठी या फर्जी पाई जाती है तो शिकायतकर्ता के खिलाफ भी नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि कानून का इस्तेमाल किसी को परेशान करने या गलत तरीके से फंसाने के लिए नहीं किया जाना चाहिए।**

## हाजी दानिश के समर्थन में एकजुट होने का आह्वान




**किरतपुर( चिंगारी )।** शिक्षक एमएलसी चुनाव की तैयारियों को लेकर सर सैय्यद गर्ल्स इंटर कॉलेज में सभा का आयोजन किया गया। सभा में सपा नेताओं, पदाधिकारियों और बड़ी संख्या में शिक्षकों ने भाग लिया। इस दौरान शिक्षक मतदाता सूची उपलब्ध कराते हुए जिन शिक्षकों के अभी तक वोट नहीं बने हैं, उनके मत बनवाने पर विशेष जोर दिया गया।

सभा को संबोधित करते हुए मोहम्मद साईम राजा ने कहा कि शिक्षकों की आवाज को मजबूती से विधानसभा तक पहुंचाने के लिए हाजी दानिश अख्तर को सफल बनाना जरूरी है। उन्होंने सभी शिक्षकों से अपने मताधिकार का प्रयोग करने के साथ ही अन्य पात्र शिक्षकों के वोट बनवाने में सहयोग करने की अपील की।

चेयरमैन अब्दुल मन्नान ने कहा कि शिक्षकों की समस्याओं और अधिकारों को मजबूती से उठाने के लिए शिक्षक समाज का एकजुट होना जरूरी है। विधायक मनोज पारस ने कहा कि शिक्षक समाज लोकतंत्र का महत्वपूर्ण स्तंभ है। प्रत्येक शिक्षक अपने मत की ताकत को समझते हुए चुनाव में बढ़-चढ़कर भागीदारी करे और हाजी दानिश अख्तर के पक्ष में मतदान करे।

सपा जिला महासचिव धनंजय सिंह ने कहा कि चुनाव को लेकर संगठन पूरी तरह सक्रिय है। जिन पात्र शिक्षकों के वोट अभी नहीं बने हैं, उनके वोट बनवाने के लिए कार्यकर्ताओं द्वारा प्रयास किए जाएंगे। मास्टर खलीक अहमद ने शिक्षकों से मतदाता सूची में अपना नाम जांचने की अपील की। मुराद अली ने कहा कि चुनाव को लेकर शिक्षकों में उत्साह है और सभी को एकजुट होकर अपने मताधिकार का प्रयोग करना चाहिए। सभा की अध्यक्षता मास्टर मज़हर नामी ने की, जबकि संचालन शेख जाहिद हुसैन ने किया।

इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य हाजी फुरकान एडवोकेट, शब्बन जुनैदी, राशिद कादरी, अब्बास हुसैन, आजम पूर्व प्रधान, नरेंद्र राजपूत, राजकुमार राजपूत, भूपेंद्र, जफर, खिलेंद्र, अखिलेश कुमार सभासद, इरफान अहमद, दिनेश कुमार, डॉ. शाहिद जॉनी, सभासद शानू, हसन अली चौधरी, डॉ. इरफान, नीटू राजपूत, मास्टर जाहिद, मोहम्मद निशात, मोहम्मद जावेद, कामिल सभासद, मुशाहिद सभासद, इस्लाम राईन सभासद, हाफिज अकबर सभासद सहित शिक्षक एवं अन्य लोग मौजूद रहे।

Hero
रक्षाबंधन के शुभ अवसर पर हीरो लाया है
अपने स्कूटर्स पर शानदार ऑफर
Hero
HERO KA SCOOTER, SCOOTER KA HERO



Cash Discount
3000/-



Cash Discount
2100/-



Cash Discount
5000/-

फाइनेंस सुविधा भी उपलब्ध मात्र 9999 के डाउन पेमेंट पर
कविता मोटर्स
हीरो मोटो कॉर्प के अधिकृत विक्रेता
किरतपुर रोड, श्री हॉस्पिटल के सामने बिजनौर
मो. 9289922765, 9457937407

भली लगे या बुरी...

## महिलाओं का यौन उत्पीड़न

देश में यौन अपराधों की मानो बाढ़ आ गई है। महिलाओं, युवतियों यहां तक कि मासूम बच्चियों तक के साथ जिस तरह के यौन उत्पीड़न के वीभत्स मामले प्रकाश में आ रहे हैं, उसे देखकर कलेजा मुंह को आ जाता है। कुछ साल पहले की घटना आज भी दिल दहला जाती है। भोर की पहली किरण भले ही सारी दुनिया के लिए नई उम्मीदें लेकर आती हो, बदायूं की उन दोनों बहनों के लिए उनका कोई अर्थ नहीं था, जिन्हें ऐसी ही एक सुबह यौन उत्पीड़न के बाद गला घोंट कर मार दिया गया और इसे आत्महत्या का रूप देने की कोशिश में पेड़ से लटका दिया गया। यह एक घटना ही यह बताने के लिए काफी है कि इस 21वीं सदीं में भी स्त्री समानता, महिला कल्याण और जागरूकता जैसी गतिविधियों की ज़मीनी हकीकत क्या है। पिछले दो दशकों में महिला उत्पीड़न की घटनाएं दो गुने से भी अधिक बढ़ीं हैं। इनमें भी बलात्कार की घटनाओं का आलम यह है कि प्रत्येक 22 मिनट पर देश में एक बलात्कार हो रहा है। बलात्कार का सबसे त्रासद पहलू यह है कि ऐसी घटनाओं की लगभग एक तिहाई घटनाओं में नाबालिग बच्चियों को निशाना बनाया जा रहा है और कई बार तो यहीं पर उनका उत्पीड़न खत्म नहीं होता, अपराध को छिपाने के लिए उनकी निर्ममतापूर्वक हत्या तक कर दी जाती है। यह सही है कि सरकारें इस दिशा में पर्याप्त सक्रिय हैं, कानून व्यवस्था और न्याय पालिका दोषियों को जल्द से जल्द उनके किये की सजा देने के लिए तत्पर रहते हैं, इसके बावजूद हालात जस के तस हैं। ऐसा क्यों हो रहा है और इन्हें कैसे रोका जा सकता है, इन सवालों का जवाब पाने से पहले यह जानना भी जरूरी है कि महिला उत्पीड़न सिर्फ कानून व्यवस्था का ही मुद्दा नहीं है बल्कि यह महिला विरोधी मानसिकता व सामाजिक कुरीतियों का विस्फोट है और इनके पीछे अनेकानेक परम्परागत कारण भी जिम्मेदार हैं। दरसअल, यह एक कड़वी सच्चाई है कि परम्परा में महिला को सम्मान भले ही विभिन्न मंचों पर दिया जाता रहा हो, व्यवहारिक अर्थों में वह पुरुष के साथ-साथ कंधे से कंधा मिला कर समाज और देश निर्माण में समान अधिकार कभी नहीं पा सकी। इसका कारण अशिक्षा और कुरीतियों पर आंख मूंद कर विश्वास करना प्रमुख रहा और एक तरह से पुरुष नियंत्रित समाज ही उसका नियंता बना रहा।

# इतिहास के आईने में जन गण मन और वंदे मातरम्

-डॉ. रविशंकर कुमार चौधरी

अभिनेता मुकेश खन्ना के हालिया बयान ने एक बार फिर उस बहस को जीवित कर दिया है, जो भारतीय राष्ट्रवाद के इतिहास में लंबे समय से उठती रही है। उन्होंने कहा कि भारत का राष्ट्रगान जन गण मन नहीं, बल्कि वंदे मातरम् होना चाहिए। उनके अनुसार जन गण मन ब्रिटिश सम्राट जॉर्ज पंचम के सम्मान में लिखा गया था, जबकि वंदे मातरम् भारतीय राष्ट्रभक्ति का अधिक प्रामाणिक प्रतीक है। बयान सामने आते ही सोशल मीडिया पर पक्ष-विपक्ष में तीखी प्रतिक्रियाएं शुरू हो गईं, लेकिन भावनात्मक प्रतिक्रियाओं से अलग यदि इस प्रश्न को इतिहास के दस्तावेजों और घटनाक्रम के आधार पर देखा जाए, तो तस्वीर कहीं अधिक जटिल और रोचक दिखाई देती है।

सर्वप्रथम विवाद की शुरुआत और जड़ें 1911 में दिखाई देती हैं। दिसंबर 1911 में ब्रिटेन के सम्राट जॉर्ज पंचम भारत आए थे। इसी समय कलकत्ता में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का अधिवेशन आयोजित हुआ और 27 दिसंबर, 1911 को रवींद्रनाथ टैगोर की रचना 'भारोतो भाग्य बिधाता' का सार्वजनिक गायन हुआ। बाद में इसी रचना का पहला अंतरा भारत के राष्ट्रगान 'जन गण मन' के रूप में स्वीकार किया गया, चूंकि जॉर्ज पंचम की भारत यात्रा और इस गीत के सार्वजनिक गायन का समय लगभग एक ही था, इसलिए कुछ समकालीन समाचार माध्यमों ने यह धारणा बना दी कि यह गीत ब्रिटिश सम्राट के स्वागत में लिखा गया था। यही धारणा आगे चलकर विवाद का आधार बनी।

लेकिन किसी ऐतिहासिक घटना के केवल समय-साम्य को उसके कारण का प्रमाण मान लेना इतिहास की दृष्टि से उचित नहीं है। इस पूरे विवाद को समझने के लिए स्वयं रवींद्रनाथ टैगोर के लिखित स्पष्टीकरणों को देखना आवश्यक है।

आइए देखें कि टैगोर ने स्वयं क्या कहा था 1937 में टैगोर ने अपने मित्र पुलिन बिहारी सेन को लिखे पत्र में इस आरोप का स्पष्ट खंडन किया। उनका कहना था कि उनसे ब्रिटिश सम्राट की प्रशंसा में गीत लिखने की अपेक्षा की गई थी, लेकिन उन्होंने ऐसा नहीं किया। उनके गीत का 'भाग्य विधाता' किसी ब्रिटिश राजा को नहीं, बल्कि भारत के लोगों के भाग्य के नियंता को संबोधित करता था। 1939 में उन्होंने एक बार फिर इस विषय पर स्पष्टीकरण दिया। उन्होंने इस धारणा पर असंतोष व्यक्त किया कि कोई उन्हें ब्रिटिश सम्राट की प्रशंसा में गीत लिखने वाला कवि समझ सकता है। इसलिए 'जन गण मन' को जॉर्ज पंचम की स्तुति के रूप में प्रस्तुत करने से पहले टैगोर के इन स्पष्ट बयानों को भी ध्यान में रखना चाहिए।

'वंदे मातरम्' भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन के सबसे शक्तिशाली प्रतीकों में से एक था। बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय ने इसकी रचना की और बाद में इसे अपने उपन्यास आनंदमठ में शामिल किया। 1905 के बंग-भंग विरोधी आंदोलन के दौरान 'वंदे मातरम्' स्वतंत्रता और राष्ट्रीय स्वाभिमान का घोष बन गया। क्रांतिकारी आंदोलनों, राजनीतिक सभाओं और राष्ट्रवादी जुलूसों में इसकी गूंज सुनाई देती थी। हालांकि गीत के बाद के अंतरों में भारतभूमि को देवी के विभिन्न रूपों दुर्गा, लक्ष्मी और सरस्वती के प्रतीकों से जोड़ा गया है। इसी कारण मुस्लिम नेताओं और संगठनों के एक वर्ग ने इसके कुछ अंशों पर आपत्ति जताई। कांग्रेस के भीतर भी इस बात पर विचार हुआ कि ऐसा राष्ट्रीय गीत चुना जाए, जिसे विभिन्न धार्मिक समुदाय समान रूप से स्वीकार कर सकें। यहीं से 'वंदे मातरम्' और 'जन गण मन' को लेकर राजनीतिक-सांस्कृतिक बहस ने नया रूप लिया। 1937 के प्रांतीय चुनावों के बाद कई प्रांतों में कांग्रेस की सरकारें बनीं। सरकारी और सार्वजनिक कार्यक्रमों में कौन-सा गीत गाया जाए, यह प्रश्न भी सामने आया। 'वंदे मातरम्' के ऐतिहासिक महत्व को नकारा नहीं जा सकता था, लेकिन उसके कुछ अंशों को लेकर मुस्लिम समुदाय के एक वर्ग की आपत्तियां भी सामने थीं। दूसरी ओर 'जन गण मन' अपेक्षाकृत अधिक सर्वसमावेशी प्रतीत होता था, इसलिए यह केवल दो गीतों की पसंद का प्रश्न नहीं था। इसके पीछे उस समय के भारत की बहुधार्मिक और बहुसांस्कृतिक सामाजिक संरचना, राष्ट्रीय आंदोलन की राजनीति और एक ऐसे राष्ट्रीय प्रतीक की आवश्यकता थी, जिसे स्वतंत्र भारत के नागरिक व्यापक रूप से स्वीकार कर सकें। स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद यह प्रश्न संविधान सभा के सामने भी आया।







24 जनवरी 1950 को संविधान सभा के अध्यक्ष डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने घोषणा की कि 'जन गण मन' भारत का राष्ट्रगान होगा। साथ ही 'वंदे मातरम्' को स्वतंत्रता आंदोलन में उसकी ऐतिहासिक भूमिका और राष्ट्रीय महत्व के कारण समान सम्मान देने की बात कही गई। इस प्रकार स्वतंत्र भारत ने किसी एक गीत को इतिहास से मिटाया नहीं। उसने दोनों को उनका उचित स्थान दिया। जन गण मन को राष्ट्रगान और वंदे मातरम् को राष्ट्रीय गीत के रूप में।

रवीन्द्रनाथ टैगोर भारतीय राष्ट्रवाद की व्यापक आवाज थे। टैगोर का राष्ट्रवाद संकीर्ण राजनीतिक राष्ट्रवाद नहीं था। वे भारत की राष्ट्रीय चेतना को मानवतावाद, स्वतंत्र चिंतन और सांस्कृतिक विविधता से जोड़कर देखते थे। महात्मा गांधी उन्हें गुरुदेव कहते थे। गीतांजलि के लिए उन्हें साहित्य का नोबेल पुरस्कार मिला और वे एशिया के पहले नोबेल साहित्य पुरस्कार विजेता बने। 1930 में जर्मनी में अल्बर्ट आइंस्टीन और टैगोर की प्रसिद्ध बातचीत भी आधुनिक बौद्धिक इतिहास की महत्वपूर्ण घटनाओं में गिनी जाती है। विज्ञान, सत्य, मानव चेतना और वास्तविकता जैसे विषयों पर दोनों की चर्चा ने भारतीय और पश्चिमी बौद्धिक परंपराओं के संवाद को एक नया आयाम दिया। टैगोर और नेताजी सुभाषचंद्र बोस के संबंध भी इस संदर्भ में विशेष महत्व रखते हैं। सुभाषचंद्र बोस टैगोर के व्यक्तित्व और विचारों से अत्यंत प्रभावित थे। 1939 में कांग्रेस अध्यक्ष पद से उनके इस्तीफे और राजनीतिक संघर्ष के दौर में टैगोर ने उन्हें देशनायक कहकर संबोधित किया। यह संबंध केवल व्यक्तिगत सम्मान का नहीं था। सात अगस्त, 1941 को टैगोर के निधन पर नेताजी ने उन्हें राष्ट्र की महानतम विभूतियों में से एक के रूप में श्रद्धांजलि दी।

# नहर किनारे फिर कटा पेड़, वन विभाग पर उठे सवाल

**झालू ( चिंगारी )।** नगर के झालू-बरूकी नहर मार्ग पर पेड़ चोरी का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। सोमवार को नहर के करौंदी वाले पुल से पहले सड़क किनारे खड़े एक बेशकीमती यूकेलिप्टस के पेड़ को अज्ञात चोरों ने काट दिया। चोर पेड़ को काटने के बाद उसे पेड़ के अलग-अलग टुकड़े काटकर मौके पर ही छोड़कर फरार हो गये। अनुमान लगाया जा रहा है कि किसी के मौके पर अचानक आने की आहट सुनकर चोर मौके पर ही पेड़ को छोड़कर भाग गये।

नहर मार्ग से गुजर रहे स्थानीय किसानों और राहगीरों की नजर जब कटे हुए पेड़ पर पड़ी तो उन्होंने इसकी सूचना वन विभाग को दी। सूचना मिलने पर वन विभाग के कर्मचारी मौके पर पहुंचे और कटे हुए पेड़ को अपने कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी।

इधर, घटना की जानकारी मिलने पर भाकियू झालू नगर अध्यक्ष डॉ. कामेंद्र सिंह भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने मौके पर मौजूद वन विभाग के कर्मचारियों से नहर क्षेत्र में लगातार हो रही पेड़ कटाई की घटनाओं पर नाराजगी जताते हुए आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी और उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। उन्होंने कहा कि नहर क्षेत्र में बार-बार पेड़ों को निशाना बनाया जा रहा है, लेकिन अभी तक ऐसी घटनाओं पर प्रभावी अंकुश नहीं लग सका है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही घटना का खुलासा नहीं हुआ तो भाकियू धरना-प्रदर्शन करने के लिए बाध्य होगी।



करीब एक माह पूर्व भी इसी क्षेत्र के आसपास नहर किनारे एक बेशकीमती पेड़ को काट दिया गया था। उस घटना में विद्युत विभाग को भी नुकसान हुआ था। मामले में वन विभाग द्वारा वन अपराध के तहत मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू की गई थी। इसके बावजूद एक बार फिर पेड़ काटे जाने की घटना सामने आने से वन विभाग की निगरानी व्यवस्था पर सवाल उठने लगे हैं।

# सीएम योगी से मिले विधायक ओम कुमार

## गुलदारों के आतंक और गन्ना भुगतान का मुद्दा उठाया





**विधायक ओम कुमार ने कहा कि नहटौर विधानसभा क्षेत्र सहित पूरे बिजनौर की जनता के हितों की आवाज को शासन तक पहुंचाना और समस्याओं का प्रभावी समाधान कराना उनकी प्राथमिकता है। किसानों, ग्रामीणों और आमजन से जुड़े प्रत्येक विषय को पूरी मजबूती के साथ शासन के समक्ष उठाया जाता रहेगा।**

**लखनऊ / बिजनौर ( चिंगारी )। नहटौर विधानसभा क्षेत्र के विधायक ओम कुमार ने सोमवार को लखनऊ में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान विधायक ने अपने गृह जनपद बिजनौर की प्रसिद्ध 'विदुर ब्रांड' के उत्पादों का गिफ्ट हेम्पर भेंट कर मुख्यमंत्री का स्वागत एवं अभिनंदन किया।**

शिष्टाचार भेंट के दौरान विधायक ओम कुमार ने नहटौर विधानसभा क्षेत्र सहित पूरे जनपद बिजनौर में बढ़ रही गुलदारों की संख्या और उनके कारण लगातार हो रही घटनाओं का मुद्दा प्रमुखता से मुख्यमंत्री के समक्ष रखा। उन्होंने जनसुरक्षा को ध्यान में रखते हुए गुलदारों के बढ़ते खतरे पर प्रभावी नियंत्रण एवं आवश्यक कार्रवाई किए जाने का आग्रह किया।

विधायक ने क्षेत्र के गन्ना किसानों के बकाया भुगतान का मुद्दा भी मुख्यमंत्री के समक्ष मजबूती से उठाया। उन्होंने बताया कि चीनी मिलों द्वारा समय से गन्ने का भुगतान न किए जाने के कारण किसान आर्थिक परेशानियों का सामना कर रहे हैं। भुगतान में देरी से किसानों के रोजमर्रा के घरेलू खर्चों के साथ-साथ खेती-किसानी से जुड़े कार्य भी प्रभावित हो रहे हैं। विधायक ने किसानों के हित में संबंधित मिलों से गन्ना मूल्य का भुगतान यथाशीघ्र कराए जाने का अनुरोध किया।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विधायक ओम कुमार द्वारा उठाए गए सभी विषयों को गंभीरतापूर्वक एवं ध्यानपूर्वक सुना तथा जनसुरक्षा और किसानों से जुड़े इन महत्वपूर्ण विषयों के शीघ्र निस्तारण के लिए आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया। इस अवसर पर विधायक ओम कुमार ने मुख्यमंत्री को अपने व्यस्त कार्यक्रम में से समय प्रदान करने के लिए हृदय से आभार व्यक्त किया। साथ ही उन्होंने मुख्यमंत्री से नहटौर विधानसभा क्षेत्र में पधारकर क्षेत्रवासियों को अपना आशीर्वाद एवं मार्गदर्शन प्रदान करने का अनुरोध भी किया।

## एमएससी जूलॉजी में हल्दौर डिग्री कॉलेज के विद्यार्थियों ने लहराया सफलता का परचम



**हल्दौर ( चिंगारी )**। गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय, मुरादाबाद से संबद्ध हल्दौर डिग्री कॉलेज के एमएससी जूलॉजी के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया। प्राप्त परिणाम के अनुसार छात्रा जुहा मुस्कान एवं हर्षी गांधर्व ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय स्थान पर रिज़ा तस्लीम, सिदरा नाज़, अफरीन अंसारी एवं दिव्या चौहान ने सफलता हासिल की। वहीं तृतीय स्थान पर महिमा जिंदल एवं मेहक ने अपना स्थान बनाया। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर कॉलेज चेयरमैन डॉ. अनुज कुमार ने हर्ष व्यक्त करते हुए सभी सफल विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई दी। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों की मेहनत, लगन और अनुशासन ही सफलता का आधार है। प्राचार्य डॉ. योगेंद्र त्यागी ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह उपलब्धि विद्यार्थियों की निरंतर मेहनत और शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है। उन्होंने कहा कि ऐसी उपलब्धियां अन्य विद्यार्थियों को भी बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित करती हैं। वहीं एमएससी जूलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ. सरजीत सिंह राणा ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## राकेश कुमार शर्मा की माता जी के निधन पर शोक

**बिजनौर ( चिंगारी )**। राज्य कर्मचारी महासंघ के जिलाध्यक्ष राकेश कुमार शर्मा की पूज्य माता जी के स्वर्गवास पर अटेवा पेंशन बचाओ मंच के जिला अध्यक्ष उमेश कुमार राजपूत की अध्यक्षता एवं जिला कोषाध्यक्ष विनीत कुमार गहलोत के संचालन में शोक सभा का आयोजन किया गया, जिसमें प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पश्चिम ज़ोन प्रभारी चंद्रहास सिंह ने कहा कि शर्मा जी की पूजनीय माता जी के निधन से शिक्षकों एवं कर्मचारियों में शोक व्याप्त है। उनकी स्मृतियां व स्नेह और उनके द्वारा दिए गए संस्कार हमेशा हमारे दिलों में जीवित रहेंगे। शोक सभा में दिवंगत आत्मा की शान्ति एवं शोकाकुल परिवार को इस असीम दु:ख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की गई। इस अवसर पर भूपेंद्र चौधरी, मुजफ्फर इस्लाम, सुशील कुमार, कुलदीप कुमार, नवीन चौधरी, कुलवीर चौधरी, विजेंद्र कुमार, विनोद कुमार यादव, वाजिद हुसैन, नरेश कुमार, जयप्रकाश पटेल, जितेंद्र कुमार आदि मौजूद रहे।



# सावन के अंतिम सोमवार, मंदिरों में उमड़ी भीड़ अपार

## भगवान शिव का जलाभिषेक कर सुख-समृद्धि की कामना की


शिवलिंग पर जलाभिषेक कराते हुए सुमित अवस्थी।

**धामपुर ( चिंगारी )।** सावन माह के अंतिम सोमवार को नगर व क्षेत्र के विभिन्न शिवालयों में भगवान शिव का जलाभिषेक करने के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। सुबह से ही मंदिरों में श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया था। भक्तों ने भगवान शिव का पूजन कर दूध, जल, बेलपत्र, धतूरा व पुष्प अर्पित किए और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की।

नगर के मोहल्ला साहूवान स्थित श्रीराम मंदिर में यजमान श्रीमती राजेश्वरी देवी, रामेश्वर लाल जाट, श्रीमती संतोष देवी, कैलाशचंद्र पाण्डेय, श्रीमती रिंकन पाण्डेय व राजीव नामदेव, श्रीमती करुणा नामदेव, गीता देवी, हार्दिक गागल, उदय कापड़ी तथा सुमित अवस्थी सहित अन्य श्रद्धालुओं ने भगवान शिव का जलाभिषेक किया। पंडित सुमित अवस्थी और सौरभ वशिष्ठ ने विधि-विधान के साथ पूजन-अर्चना संपन्न कराई।

इसके अलावा मोहल्ला पंजाबी कॉलोनी स्थित सनातन धर्म सभा शिव मंदिर समेत नगर के अन्य शिवालयों में भी सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ रही। कई स्थानों पर श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद व पेयजल की व्यवस्था भी की गई। सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टि से पुलिस प्रशासन की ओर से मंदिरों तथा आसपास के प्रमुख स्थानों पर पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई। पुलिसकर्मियों ने भीड़ को व्यवस्थित रखने और श्रद्धालुओं की सुविधा सुनिश्चित करने में सहयोग किया।



सभी धामपुर नगरवासियों को जश्ने ईद मिलादुन्नबी व जुलूसे मुहम्मदी की

दिली मुबारकबाद एवं बधाई

डॉक्टर कमाल अहमद

समाजसेवी एवं वरिष्ठ बाल रोग विशेषज्ञ, कमाल नर्सिंग होम, मेन मार्केट, धामपुर (बिजनौर)




# जग्गा गिरफ्तार

## खुद को किंग ऑफ उत्तराखण्ड बताता है

**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक देहरादून द्वारा सभी थाना प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में आपराधिक गतिविधियों, विशेष कर संगठित अपराधों में लिप्त अभियुक्तों को चिन्हित करते हुए उनके विरुद्ध गुंडा, गैंगस्टर एक्ट के तहत प्रभावी कार्रवाई किए जाने के निर्देश दिए गए हैं। निर्देशों के क्रम में ऋषिकेश पुलिस द्वारा बड़ी कार्यवाही करते हुए भूमि तथा पारिवारिक विवादों में लोगो को डरा धमकाकर उनके साथ मारपीट, अवैध वसूली तथा ब्लैकमेलिंग जैसे संगठित अपराधों में लिप्त तथा स्वयं को 'किंग ऑफ उत्तराखंड' कहने वाले अभियुक्त जगजीत उर्फ जग्गा व उसके दो साथियों को गिरफ्तार किया गया। गिरोह का सरगना जगजीत उर्फ जग्गा अपने साथियों के साथ मिलकर क्षेत्र में एक संगठित गिरोह संचालित करता था गिरोह द्वारा फोटो वीडियो वायरल करने की धमकी देकर उनसे जबरन वसूली,ब्लैकमेलिंग करने, लोगों के घरों में घुसकर उनके साथ मारपीट, गाली-गलौज करने तथा जान से मारने की धमकी देने जैसी आपराधिक गतिविधियों को अंजाम दिया जाता था। गैंग लीडर जगजीत उर्फ जग्गा तथा उसके गिरोह के सदस्यों के विरुद्ध वर्ष 2016 से 2026 के मध्य गंभीर आपराधिक मामलों के 11 अभियोग पंजीकृत है। गिरफ्तार अभियुक्त जगजीत उर्फ जग्गा की निशानदेही पर पुलिस द्वारा उसके घर से 'किंग ऑफ उत्तराखण्ड' का बोर्ड बरामद किया गया, जिससे वह लोगों को भयभीत कर अपने प्रभाव में लेते हुए आपराधिक गतिविधियों को अंजाम देता था, अभियोग में नामजद एक अन्य अभियुक्त रवि गुप्ता की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम द्वारा उसके संभावित स्थानों पर लगातार दबिश दी जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्त, जगजीत उर्फ जग्गा मायाकुण्ड, ऋषिकेश, गैंग लीडर, प्रणव उर्फ राघव बत्रा निवासी सोमेश्वर नगर, ऋषिकेश, गैंग सदस्य, दीपेश कुमार निवासी कृष्णानगर कॉलोनी, ऋषिकेश तथा गैंग वांछित सदस्य रवि गुप्ता निवासी शिवाजी नगर, ऋषिकेश है। पुलिस टीम में निरीक्षक यशपाल सिंह बिष्ट, प्रभारी कोतवाली ऋषिकेश, निरीक्षक राकेश गुसाईं, प्रभारी निरीक्षक डोईवाला, विवेचक व.उ.नि. नवीन जोशी, देवेन्द्र पंवार, जगमोहन सिंह, विकसित पंवार, बिनेश कुमार, राजनारायण कोतवाली डोईवाला, हे.का. सन्दीप राठी व राकेश पंवार तथा का. तेजपाल सिंह शामिल थे।

# महंगाई की मार, कुछ तो करो सरकार!

## चीनी के बढ़ते दाम उपभोक्ताओं की तोड़ रहे कमर आने वाले त्यौहारों में मिठाइयों पर पड़ेगा असर

**धामपुर ( चिंगारी )।** त्यौहारी सीजन में आम उपभोक्ता वस्तुओं में शामिल चीनी के दाम बढ़ जाने के कारण जहां इसका आम जनजीवन पर प्रभाव पड़ रहा है वही महिलाओं की रसोई का बजट भी प्रभावित हो रहा है । 20 जुलाई तक जो चीनी 42 रुपए प्रति किलोग्राम बिक रही थी वह एक महीने के भीतर 65 रुपए प्रति किलोग्राम हो गई है, जिससे गरीब की चाय का स्वाद भी फीका हो गया है। चीनी का प्रयोग आम व्यक्ति से लेकर खास व्यक्ति तक किया जाता है। मिठाई विक्रेता, आइसक्रीम विक्रेता, दूध विक्रेता, लस्सी विक्रेता, बेकरी विक्रेता अपने उत्पादों में आमतौर पर चीनी का प्रयोग करते हैं। इसके अलावा बिना चीनी के चाय में स्वाद न आने की बात कहने वाले उपभोक्ता के कारण चाय विक्रेता भी चीनी का दाम बढ़ने से प्रभावित हो रहे हैं। इस कारण महंगाई की मार से प्रभावित आम नागरिकों को चीनी के दाम बढ़ने से दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इसी माह रक्षाबंधन का पावन पर्व है, उसके बाद सितंबर में श्री कृष्ण जन्माष्टमी, गणेश उत्सव और उसके बाद नवरात्र ,करवा चौथ,अहोई धनतेरस, दीपावली भैया दूज के पर्वो की श्रृंखला शुरू हो जाएगी। यह सभी त्योहार मिठाई के बिना अधूरे रहते हैं। ऐसे में मिठाई की मांग और चीनी के रेट बढ़ने पर मिठाई विक्रेता भी अपने विभिन्न व्यंजनों के रेट बढ़ाने की सोच रहे हैं। फिलहाल मार्केट में मिठाई 500 से लेकर 1000 रुपए प्रति किलोग्राम तक बिक रही है। जनता का आरोप है कि सरकार की नीति के कारण चीनी के दाम बढ़ रहे हैं गन्ने का प्रयोग चीनी के साथ इथेनॉल के उत्पादन में किए जाने के कारण चीनी की रिकवरी कम होने का अनुमान लगाया जा रहा है।

## राखियों से सज गए बाजार

**धामपुर ( चिंगारी )।** भाई बहन के पवित्र रिश्ते का प्रतीक रक्षा बंधन पर्व नजदीक आते ही बाजार राखियों से सज गए हैं। नगर के मेन मार्केट सहित अनेक स्थानों पर स्टॉल लगाकर विभिन्न प्रकार की फैंसी राखियां बेची जा रही हैं। उधर, राखिया भेजने के लिए डाकघर में भी भारी भीड़ लगी हुई है। डाककर्मी राखी भेजने वाली बहनों को विशेष आवभगत कर रहे हैं।

## कल सुबह निकलेगा जुलूसे मुहम्मदी

**धामपुर ( चिंगारी )। जश्ने ईद मिलादुन्नबी के मौके पर कल 26 अगस्त, बुधवार की प्रातः 9 बजे मोहल्ला बंदूकचियान स्थित मदरसा नूरिया अरबिया से जुलूसे मुहम्मदी निकाला जाएगा। जो नगर के मुख्य मार्ग से होता हुआ टीचर्स कॉलोनी स्थित नासिर मियां की मजार पर पहुंचकर संपन्न होगा। जुलूस के स्वागत की तैयारी शुरू कर दी गई है।**


उप जिला अधिकारी नितिन कुमार को ज्ञापन देते हुए शिवेंद्र अग्रवाल।

## मतदाता जागरूकता मंच ने एसडीएम को दिया ज्ञापन

**धामपुर ( चिंगारी )।** धामपुर क्षेत्र की जमीनों के सर्किल रेट बढ़ोतरी के प्रस्ताव का मतदाता जागरुक मंच ने विरोध किया। संस्था के अध्यक्ष शिवेंद्र अग्रवाल, सचिव एसपी सलूजा ने पदाधिकारियों के साथ एसडीएम, धामपुर नितिन कुमार को ज्ञापन सौपा। ज्ञापन देने वालों में शिवेंद्र अग्रवाल, एसपी सलूजा, उदयराज सिंह ठेकेदार, देवेंद्र सिंह, महेश मल्होत्रा, एजाज धामपुरी, सतीश चौहान, अशोक दुआ शामिल रहे।

# संभल के हरिहर नाथ मंदिर में जल चढ़ाने जा रहे श्रद्धालुओं को पुलिस ने रोका

**धामपुर ( चिंगारी )।** संभल स्थित हरिहर नाथ मंदिर में जल चढ़ाने के लिए जा रहे गणेश चौथ समिति, धामपुर के पदाधिकारियों को पुलिस ने रानी बाग पुलिस चौकी पर बैरीकेडिंग लगाकर रोक दिया। पुलिस द्वारा रोके जाने के बाद समिति पदाधिकारियों और पुलिस के बीच तीखी बहस हुई। आगे जाने की अनुमति नहीं मिलने पर समिति के पदाधिकारी सड़क पर ही बैठ गए और 'हरिहर मंदिर जाएंगे, जल वहीं चढ़ाएंगे' जैसे नारे लगाने लगे। समिति के संयोजक विजय जैन ने कहा कि समिति के पदाधिकारी वर्षों से धार्मिक आस्था के अनुसार हरिहर नाथ मंदिर में जल चढ़ाने जाते रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस बार भी सभी लोग शांतिपूर्वक यात्रा कर रहे थे और किसी तरह का विवाद पैदा करना उनका उद्देश्य नहीं था। उन्होंने प्रशासन से धार्मिक आस्था का सम्मान करते हुए शांतिपूर्ण तरीके से जल चढ़ाने की अनुमति देने की मांग की। काफी देर तक चली बहस और बातचीत के बाद समिति पदाधिकारियों ने पास के शिव मंदिर में जल चढ़ाया। इस दौरान सत्येंद्र कुमार, प्रीतम कुमार, मयंक चौहान, अभिषेक ठाकुर, अभिषेक शर्मा, गौरव कुमार, उदय, प्रभूषित, नीरज, संजय सैनी, राहुल कुमार, वीरेंद्र कारीगर, मयंक चौहान, अजय राजपूत, शोभित अग्रवाल, अनु वर्मा, यश शर्मा, आदर्श चौहान कार्यकर्ता मौजूद रहे।


हरिहर नाथ मंदिर जल चढ़ाने जा रहे श्रद्धालुओं को धामपुर पुलिस ने रोका।

# मेला गुघाल का एक करोड़ 99 लाख का मूल बजट सर्वसम्मति से पारित

## तीन करोड़ 65 लाख का अनुमानित आय बजट भी किया पारित

## मेले का ठेका तीन वर्ष के लिए देने पर भी कार्यकारिणी ने लगायी मुहर



बैठक को संबोधित करते महापौर डॉ. अजय कुमार

**सहारनपुर ( चिंगारी )।** महापौर डॉ. अजय कुमार की अध्यक्षता में नगर निगम कार्यकारणी समिति की कल देर शाम तक चली बैठक में मेला गुघाल वर्ष 2026-27 के लिए अनुमानित एक करोड़ 99 लाख का मूल बजट तथा तीन करोड़ 65 लाख का अनुमानित आय बजट सर्वसम्मति से पारित किया गया। मेले का ठेका तीन वर्ष के लिए देने तथा उसमें प्रति वर्ष 5-7 प्रतिवर्ष की वृद्धि करने पर भी कार्यकारणी ने मुहर लगायी। मेला गुघाल का पार्किंग ठेका तथा पथ प्रकाश ठेका अलग-अलग न छोड़कर एक साथ देने पर भी सहमति बनी।

नगर निगम के मां शाकुंभरी सभागार में हुई कार्यकारणी की बैठक में लेखाधिकारी मनोज त्रिपाठी ने मेला गुघाल वर्ष 2026-27 के लिए अनुमानित एक करोड़ 50 लाख का मूल बजट तथा तीन करोड़ 65 लाख का अनुमानित आय बजट प्रस्तुत किया। लेकिन कार्यकारणी समिति ने मेले को और अधिक भव्य तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम जनमंच (मरम्मत कार्य चल रहा है) के स्थान पर किसी अन्य स्थान पर होने के कारण व्यय के कुछ मदों में वृद्धि के प्रस्ताव दिए, जिस कारण व्यय में 49 लाख की वृद्धि करते हुए एक करोड़ 99 लाख का मूल बजट तथा तीन करोड़ 65 लाख का अनुमानित आय बजट पारित किया गया। पार्षद ज्योति अग्रवाल ने सभी महिला पार्षदों की ओर से इस वर्ष मेला गुघाल का चेयरमैन किसी महिला पार्षद को बनाने का सुझाव दिया।

इससे पूर्व उपसभापति मयंक गर्ग का एक वर्ष का कार्यकाल समाप्त होने पर नये उपसभापति का चुनाव किया जाना था। सर्वसम्मति से पुन: मयंक गर्ग को ही आगामी एक वर्ष के लिए उपसभापति चुना गया। बोर्ड बैठक में कार्यकारणी के नवनिर्वाचित सदस्यों का भी महापौर ने माल्यार्पण कर स्वागत किया। उक्त प्रस्तावों के अतिरिक्त निर्माण अनुभाग द्वारा वार्ड संख्या 4 व वार्ड संख्या 10 में नाली तथा सीसी सड़क निर्माण का प्रस्ताव तथा जलकल अनुभाग द्वारा प्रस्ताव संख्या 99 द्वारा महानगर में ओवरहैड टैंक परिसरों व करीब 50 विभिन्न स्थानों पर लगे पम्प हाउसों के जीर्णोद्धार के लिए 75 लाख रुपये के व्यय का प्रस्ताव भी सर्वसम्मति से पारित किया गया।

TATA MOTORS COMMERCIAL VEHICLES | Better Always
TATA
INTRA V30 GOLD PICKUP




APPLY FOR VACANCY
- Sales Executives : 2 (Bijnor, Dhampur)
- Receptionist (Female) : 1 (Bijnor)
- Mechanic / Electrician : 2 (Bijnor)
- Cashier : 1 (Bijnor)

Contact - hr.cnsmotors@gmail.com, Ph: 7055501562

CNS Motors Pvt. Ltd. (TATA Motors CV Dealer)
Address: NH-119, Kiratpur Road, Pedda, Bijnor
Branches: Najibabad, Dhampur, Joya (Amroha)
Phone : 8484932387, 8476001007

# जिन्हें आरक्षण से दिक्कत है, वे अपना दल बनाकर चुनाव लड़ें- चन्द्रशेखर

## सांसद ने आरक्षण पर विरोध करने वालों पर तंज कसा

**धामपुर ( चिंगारी )।** सोशल मीडिया पर इन दिनों आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं नगीना सांसद चंद्रशेखर आजाद का एक वीडियो वायरल हो रहा है। वीडियो में वह आरक्षण के मुद्दे पर अपनी बात रखते हुए आरक्षण का विरोध करने वाले लोगों पर तंज कसते नजर आ रहे हैं।

वायरल वीडियो में चंद्रशेखर आजाद कहते हैं कि यदि किसी व्यक्ति या समूह को आरक्षण व्यवस्था से दिक्कत है और उसे लगता है कि उसकी बात किसी राजनीतिक दल द्वारा नहीं सुनी जा रही है, तो लोकतांत्रिक व्यवस्था में उसके पास अपना राजनीतिक दल बनाने और चुनाव लड़ने का विकल्प मौजूद है। उन्होंने कहा कि जिनको आरक्षण से दिक्कत है, अगर कोई उनकी सुनवाई नहीं कर रहा है तो अपना दल बना लें। दल बनाकर लोकसभा और विधानसभा में आएं,



अपना संख्याबल बना लें। बहुमत हो जाएगा तो अपनी इच्छा के अनुसार कानून भी पास कर सकते हैं। सांसद ने कहा कि लोकतंत्र में किसी मुद्दे का समाधान केवल विरोध करने से नहीं, बल्कि राजनीतिक भागीदारी और संख्या बल बढ़ाने से भी होता है। उन्होंने कहा कि जो लोग अपनी विचारधारा और मुद्दों को लेकर गंभीर हैं, उन्हें राजनीतिक रूप से संगठित होकर चुनावी मैदान में उतरना चाहिए। उन्होंने युवाओं के मुद्दों का जिक्र करते हुए कहा कि शिक्षा, रोजगार, पेपर लीक और सरकारी भर्तियों जैसे सवालों पर नौजवानों की एकता बनी थी। उन्होंने आरोप लगाया कि आरक्षण के मुद्दे को आगे करके युवाओं की इस एकता को कमजोर करने का प्रयास किया गया।

ख़बर सबसे पहले
असर सबसे ज़्यादा
चिंगारी

# 12 सितंबर की राष्ट्रीय लोक अदालत में 82,612 वादों के निस्तारण का लक्ष्य

## राजस्व, बैंक और दूरसंचार विभाग ने चिन्हित किए हजारों मामले, न्यायिक अधिकारियों को नोटिस तामील और अधिकाधिक निस्तारण पर जोर

**बिजनौर ( चिंगारी )।** आगामी 12 सितंबर को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारियों को लेकर जिला जजी परिसर स्थित एडीआर भवन के सभागार में सोमवार को दो महत्वपूर्ण बैठकें हुईं। राष्ट्रीय लोक अदालत के नोडल अधिकारी एवं अपर जनपद न्यायाधीश लोकश नागर की अध्यक्षता में हुई बैठकों में विभिन्न विभागों के नोडल अधिकारियों, बैंक प्रबंधकों और न्यायिक अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में अधिकारियों से अधिक से अधिक वाद चिन्हित कर उनका निस्तारण सुनिश्चित करने तथा लोक अदालत का व्यापक प्रचार-प्रसार करने का आह्वान किया गया। उपजिलाधिकारी बिजनौर ने बताया कि राजस्व विभाग ने अब तक 59,812 वाद चिन्हित किए हैं। दूरसंचार विभाग ने 800, जबकि बैंकों ने 22,000 वाद चिन्हित किए हैं।

नोडल अधिकारी ने लोक अदालत के दिन पक्षकारों को स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए उपमुख्य चिकित्साधिकारी तथा जजी परिसर में मूलभूत सुविधाएं और समुचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के लिए उपजिलाधिकारी को निर्देशित किया। इसके बाद न्यायिक अधिकारियों के साथ हुई बैठक में चिन्हित वादों के शीघ्र निस्तारण और नोटिसों की कम से कम दो बार तामील कराने पर विशेष जोर दिया गया। आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में शमनीय आपराधिक वाद, धारा 138 एनआई एक्ट, मोटर दुर्घटना प्रतिकर, श्रम, बैंक वसूली, विद्युत अधिनियम, राजस्व एवं सिविल वाद, मोटर वाहन ई-चालान तथा लघु आपराधिक मामलों का निस्तारण किया जाएगा। प्री-लिटिगेशन के माध्यम से पारिवारिक विवादों का भी निस्तारण कराया जाएगा। बैठक का संचालन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव स्वाति चंद्रा ने किया। इस दौरान संबंधित विभागों के अधिकारी, बैंक प्रबंधक एवं समस्त न्यायिक अधिकारी मौजूद रहे।

# सामने आये अवनीश अग्रवाल, चुनाव में ठोकी ताल

## भाजपा में बढ़ी सियासी हलचल

नजीबाबाद (चिंगारी)। नजीबाबाद विधानसभा क्षेत्र-17 में आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर सियासी सरगर्मियां तेज होने लगी हैं। नगर के कारोबारी एवं भाजपा नेता अवनीश अग्रवाल (टांडे वाले) ने भी विधायक का चुनाव लड़ने के लिए चुनाव मैदान में अपनी ताल ठोक दी है, जिससे यहां सियासी हलचल तेज हो गई है। हाल ही में अवनीश अग्रवाल ने भाजपा की प्रदेश मंत्री श्रीमती दीपमाला संतोषी से मुलाकात कर उन्हें प्रदेश मंत्री बनने पर पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका हार्दिक स्वागत किया। इस दौरान संगठनात्मक गतिविधियों व क्षेत्र की राजनीति को लेकर भी चर्चा होने की बात सामने आई। वहीं मोटा महादेव स्थित मंदिर पर भाजपा नगर अध्यक्ष नकुल अग्रवाल द्वारा आयोजित भंडारे में अवनीश अग्रवाल श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण करते नजर आए। धार्मिक व सामाजिक आयोजनों में उनकी सक्रिय मौजूदगी को क्षेत्र में उनकी बढ़ती राजनीतिक सक्रियता से जोड़कर देखा जा रहा है। अवनीश अग्रवाल के फार्म हाउस पर भाजपा जिला अध्यक्ष भूपेंद्र चौहान उर्फ बॉबी तथा पश्चिम क्षेत्र की क्षेत्रीय मंत्री श्रीमती हरजिंदर कौर के पहुंचने से भी राजनीतिक चर्चाएं तेज हो गई है। अवनीश अग्रवाल ने भाजपा नेताओं का जोरदार एवं भव्य स्वागत किया। लगातार भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारियों से मुलाकात, सामाजिक आयोजनों में सक्रिय भागीदारी व क्षेत्र में बढ़ती जनसंपर्क गतिविधियों के बीच अब नजीबाबाद विधानसभा की राजनीति में अवनीश अग्रवाल (टांडे वाले) की दावेदारी को लेकर चर्चाएं तेज हैं। हालांकि पार्टी नेतृत्व की ओर से उम्मीदवार को लेकर अभी कोई आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है, लेकिन अवनीश अग्रवाल के सक्रिय तेवरों ने यह संकेत जरूर दे दिया है कि वह नजीबाबाद विधानसभा की सियासी पिच पर मजबूती से उतरने की तैयारी में हैं।



भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेंद्र बॉबी का गुलदस्ता देकर स्वागत करते अवनीश अग्रवाल।

## पुलिस की मिलीभगत से रास्ते में अवैध रूप से खिड़की खोलने का आरोप

नजीबाबाद (चिंगारी)। हवेली तला निवासी मुहम्मद जीशान ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर दर्ज कराई शिकायत में कहा कि मौहल्ला निवासी कुछ लोगों पर अवैध रूप से दूसरों के रास्ते पर चौकी पुलिस की मिलीभगत से खिड़की खोल ली है। शिकायत में कहा गया है कि नजीबाबाद के मौहल्ला हवेली तला आज़ाद पब्लिक स्कूल वाली गली निवासी सदफ पत्नी कमरूल इस्लाम बहमसाजगी जाब्तागंज चौकी के एसआई लव गिरि व पुलिस कर्मी विरेन्द्र व सिद्धार्थ से मिलकर इस्लाम पुत्र अ0 मोईद, अदनान व अफनान पुत्र मुमताज, निवासी मौहल्ला धोबियो वाली मस्जिद ने अवैध तरीके से बिना कानूनी अधिकार अपने मकान की दूसरी मंजिल पर दूसरों के निजी रास्ते पर पूर्वी दिवार तोडकर 23 अगस्त 2026 को शाम 4 बजे खिडकी कायम कर दी। इसका राजदा, रहनुमा, अबरार व मुस्तकीम ने विरोध किया तो मौके पर दोनों पुलिसकर्मी आकर खडे हो गये तथा अपशब्द कहते हुए डराने धमकाने लगे। मुहम्मद जीशान व उनकी पत्नी रहनुमा ने डायल 112 नम्बर पर कॉल करके पूरी घटना बताई। उक्त लोग 112 नम्बर की गाडी का सायरन सुनकर गालिया देते हुए इधर उधर को मौके से हट गये। बाद में एसआई ने मौके पर आकर अन्जाम भुगतने की धमकी दी। मौहम्मद जीशान ने इस घटना की शिकायत एसडीएम व तहसीलदार से की है। कानूनगो ने मौके पर पहुंचकर मामले की जांच कर रिपोर्ट अधिकारियों को सौंपने की बात कही।

## विधायक तसलीम अहमद ने दो गांवों में किया अपनी निधि से निर्मित सड़क का लोकार्पण



नजीबाबाद (चिंगारी)। क्षेत्रीय विधायक हाजी तसलीम अहमद ने विधानसभा के ग्राम फजलपुर तबेला व मिलक में पहुंचकर अपनी अपनी निधि से निर्मित सीसी रोड का फीता काटकर लोकार्पण किया। इन दोनों ही गांव में अलग-अलग सीसी रोड के निर्माण होने से ग्रामवासी बेहद खुश नजर आए। इस मौके पर पीडीए पंचायत भी आयोजित की गई। जिसमें सभी ग्रामवासियों ने इस एकजुट होकर समाजवादी पार्टी को मजबूत करने की बात कही। इस मौके पर डॉ. उस्मान, लियाकत अंसारी, नुसरत, परवेज़, शौकत, आकिल, रियाज, जाकिर, आफ़ताब भूरा, साकिब शेख़, मोहसिन, ग्राम प्रधान रिंकू सिंह, ओमप्रकाश चैधरी, ज़ाहिद अंसारी, महताब प्रधान, नईम मकरानी, अनवर ख़ान मंसूब आदि उपस्थित रहे।

## करौली में शिकायत के बाद अवैध रूप से चल रहे क्लीनिक को किया गया सील

मंडावली/नजीबाबाद (चिंगारी)। स्वास्थ्य विभाग ने आईजीआरएस पोर्टल पर की गई शिकायत के बाद अवैध रूप से चल रहे एक क्लीनिक को सील कर दिया। क्षेत्र के ग्राम शेखपुरा आलम निवासी मोहम्मद सलीम के द्वारा उत्तर प्रदेश सरकार के पोर्टल पर ग्राम करौली में अवैध रूप से क्लीनिक संचालित किये जाने की शिकायत की गई थी। शिकायत के बाद डीएम के आदेशानुसार स्वास्थ्य विभाग के नोडल अधिकारी डॉक्टर देवेंद्र कुमार ने टीम के साथ ग्राम करौली में हमजा क्लीनिक पर जाकर जांच की। जांच के दौरान पता चला कि क्लीनिक का संचालन अवैध रूप से किया जा रहा है। जांच में क्लीनिक पर दस्तावेज नहीं मिले। नोडल अधिकारी डॉक्टर देवेंद्र कुमार ने बताया कि अवैध रूप से चल रहे क्लीनिक को जांच के बाद सील कर दिया गया है।



## शहीद राजगुरु को जयंती पर अपना दल (एस) ने श्रद्धांजलि अर्पित की

नजीबाबाद (चिंगारी)। अपना दल (एस) के जिला कार्यालय पर अमर शहीद शिवराम हरि राजगुरु की जयंती श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई। पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने शहीद राजगुरु के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि देते हुए देश की आजादी के लिए उनके त्याग एवं बलिदान को याद किया। इस अवसर पर अपना दल (एस) के जिलाध्यक्ष शैलेंद्र चौधरी एडवोकेट ने कहा कि, शहीद राजगुरु, भगत सिंह व सुखदेव जैसे महान क्रांतिकारियों ने देश की स्वतंत्रता के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। उनका बलिदान हम सभी के लिए सदैव प्रेरणा का स्रोत रहेगा। आज आवश्यकता है कि हम उनके आदर्शों को अपने जीवन में अपनाकर समाज व राष्ट्रहित में कार्य करें। कार्यक्रम में वकील अहमद, आरिफ उर्फ लभा सिंह, किशोर कुमार, राजीव राठी, नफीद, कादर, इसरार सहित पार्टी के अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने अमर शहीद राजगुरु को नमन करते हुए उनके आदर्शों पर चलने तथा सामाजिक न्याय एवं राष्ट्रहित के लिए निरंतर कार्य करने का संकल्प लिया।


## कार्यालय नगर पंचायत जलालाबाद (बिजनौर)

पत्रांक 205/ न.पं. ज./2026-27 दिनांक : 24.08.2026

### निविदा सूचना द्वारा ई-टेण्डर

समस्त पंजीकृत /अपंजीकृत ठेकेदारों / फर्मों को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत जलालाबाद द्वारा 15वां वित्त आयोग के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु निर्दिष्ट अनुदान (द्वितीय किश्त) की प्राप्त धनराशि व वित्तीय वर्ष 2025-26 में 02 प्रतिशत अतिरिक्त स्टाम्प शुल्क एवं वित्तीय वर्ष 2026-27 में राज्य सेक्टर की 'सीवरेज एवं जल निकासी' योजनान्तर्गत प्राप्त धनराशि से नगर के विकास कार्यों हेतु दिनांक 24.09.2026 को अपरान्ह 02:00 बजे तक वेबसाईट www.etender.up.nic.in पर निविदाएँ समस्त ठेकेदारो/फर्मों से शर्तो के आधार पर आमंत्रित करती है। निविदा अभिलेख एवं शर्ते वेबसाईट www.etender.up.nic.in पर दिनांक 27.08.2026 को अपरान्ह 12:00 बजे से दिनांक 24.09.2026 को अपरान्ह 02:00 बजे तक उपलब्ध रहेंगे, जहां से इसे डाउनलोड किया जा सकता है। सभी निविदादाता दिनांक 27.08.2026 को अपरान्ह 12:00 बजे से दिनांक 24.09.2026 को अपरान्ह 02:00 बजे तक वेबसाईट www.etender.up.nic.in पर आनलाइन अपनी निविदा दर/दरें डाल सकते हैं, तथा दिनांक 24.09.2026 को अपरान्ह 03:00 बजे कार्यालय में निविदा खोली जायेगी। निविदा खोले जाने की दिनांक को अवकाश की स्थिति मे अगला कार्य दिवस माना जायेगा।

| | |
|---|---|
| Tender Reference | 03/ET/NPJ/2026-27 |
| Publish Date and time for RFP | 27.08.2026 को अपरान्ह 12:00 बजे से |
| Last Date and time for submission of E-Tender | 24.09.2026 को अपरान्ह 02:00 बजे तक |
| Date and time of opening tender | 24.09.2026 को अपरान्ह 03:00 बजे को |
| Place of opening of E-tender | Office Nagar Panchayat Jalalabad |
| E-tender security | 10% of Tender Value |
| E-tender document processing | As per tender list |

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत जलालाबाद
(बिजनौर)

अध्यक्ष
नगर पंचायत जलालाबाद
(बिजनौर)

# 25 साल लग गये इंसाफ मिलने में

## राकेश शर्मा सभी आरोपों से बाइज्जत बरी



**बिजनौर ( चिंगारी )।** किसान सहकारी चीनी मिल नजीबाबाद के गोदाम कीपर के पद पर कार्यरत रहे राकेश शर्मा को आखिरकार इंसाफ मिला। अदालत ने उन्हें सभी आरोपों से बाइज्जत बरी कर दिया। न्याय की इस जंग को जीतने में राकेश शर्मा को 25 साल लगे।

मूल रूप से हल्दौर निवासी राकेश शर्मा की किसान सहकारी चीनी मिल नजीबाबाद में हेड टाइम कीपर के रूप में नियुक्ति हुई थी। लेकिन एक साजिश के तहत अचानक उन्हें गोदाम कीपर बना दिया गया था और पहले से शोर्ट 1555 चीनी के बोरों के गबन के फर्जी आरोपों में बर्खास्त कर दिया गया। बाद में पुलिस केस चला और उन्हें जेल में भी जाना पड़ा। लेकिन अंतत: जीत सच की हुई और राकेश शर्मा के माथे पर लगा गबन का कलंक पूरी तरह धुल गया। यह और बात है कि इन 25 वर्षों में राकेश शर्मा बेहद तनाव में रहे और उन्हें अपनी प्रतिष्ठा के साथ-साथ बहुत कुछ खोना भी पड़ा।

एसीजेएम बिजनौर नैंसी धुन्ना ने 17 अगस्त 2026 को ऐतिहासिक फैसला देते हुए श्री राकेश शर्मा को धारा 409 के गबन के आरोप से दोषमुक्त कर दिया। अब से 13 साल पहले 15 जुलाई 2013 को नजीबाबाद पुलिस ने अदालत में चार्जशीट भेजी थी, जबकि मामला 2001 का था। राकेश शर्मा की ओर से जनपद के वरिष्ठ अधिवक्ता राजेंद्र कुमार ने अदालत में पैरवी की। श्री शर्मा वर्तमान में हरिद्वार में सपरिवार रहते हैं। बीते 25 साल राकेश शर्मा ने इस झूठे केस के चलते जो मानसिक, शारीरिक, सामाजिक, आर्थिक प्रताड़ना झेली, उसे शब्दों में व्यक्त नहीं किया जा सकता।

### चौतरफा लड़ाई लड़नी पड़ी

**14 अक्टूबर 2001 को राकेश शर्मा के विरुद्ध एफआईआर के साथ-साथ निलंबन की कार्रवाई भी की गई। विभागीय जांच के आधार पर 2004 में उनकी सेवाएं समाप्त कर दी गईं। लेबर कोर्ट से केन कमिश्नर लखनऊ तक मामला चला। 2013 में केन कमिश्नर द्वारा 5 लाख की रिकवरी डालते हुए सवेतन बहाल किया गया। उक्त रिकवरी के खिलाफ राकेश शर्मा ने हाईकोर्ट की लखनऊ बैंच में अपील की, जहां से रिकवरी खत्म किये जाने के आदेश हुये। मिल समिति इस आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट गई। वहां हाईकोर्ट का निर्णय यथावत रहा। मिल समिति पुन: रिव्यू में लखनऊ बैंच गई। राकेश शर्मा ने अवमानना का मुकदमा किया, तब मिल समिति द्वारा निस्तारण किया गया। गबन का मामला 2024 तक सिविल कोर्ट नजीबाबाद में चला। 2025 में केस बिजनौर ट्रांसफर हो गया। नजीबाबाद में विद्वान अधिवक्ता का. विजय शर्मा तथा बिजनौर में जिला बार अध्यक्ष राजेंद्र कुमार उनके अधिवक्ता रहे। राकेश शर्मा ने बताया कि दोनों अधिवक्ताओं ने नि:शुल्क मुकदमे की पैरवी की। बता दें कि राजेंद्र कुमार हल्दौर इंटर कॉलेज में 7 साल तक राकेश शर्मा के सहपाठी रहे थे।**


मिर्गी दौरे

(मिर्गी के लक्षण)

1. अचानक बेहोश हो जाना
2. हाथ-पैर ऐंठ जाना
3. शरीर का अकड़ना
4. मुंह से झाग निकलना
5. मुट्ठियां कसना, आंखें पथराना





डा. अय्यूब हसन 'मार्शल'
M.B.B.S., G.M.C.S. (U.K.), M.I.P.S., M.I.E.A., F.I.P.S. (Fellow of Indian Psychiatry Society)

डा. अर्सलान अय्यूब
M.B.B.S. (TU), M.I.P.S.,
Member of Indian Psychiatry Association



(मानसिक रोग एवं उनके लक्षण)

1. डिप्रेशन, उदासी घबराहट (DEPRESSION)
2. पागलपन, गालियाँ देना, कानों में आवाजे आना, मारपीट, तोड़-फोड़ करना (SCHIZOPHRENIA)
3. शक की बीमारी, बार-बार हाथ धोना, ताले चेक करना (O.C.D)
4. नशा मुक्ति (शराब, भांग, सिगरेट) (DE ADDICTION)
5. बच्चों का मन्द बुद्धि होना, चिड़चिड़ा होना (ADHD), (AUTISM)
6. सरदर्द, सर का भारी होना, आधे सर में दर्द होना (MIGRAINE)
7. सेक्स समस्याएं (E.D) निसंतान

45 वर्ष से आपकी सेवा में

मार्शल मिर्गी एवं मानसिक चिकित्सा केन्द्र
पता-निकट चन्द्रा टाकीज़ सेन्ट्रल बैंक के सामने,
मुजफ्फरनगर (उ.प्र.) मो.- 9997892556, 9997411423


## अंतर क्षेत्रीय हॉकी प्रतियोगिता में जनपदीय टीम का चयन

**बिजनौर ( चिंगारी )।** नेहरू स्टेडियम बिजनौर में अंतर क्षेत्रीय हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें जनपदीय हॉकी खिलाड़ियों का चयन बालक एवं बालिका दोनों वर्गों में किया गया। प्रतियोगिता में बिजनौर एवं चांदपुर क्षेत्र के खिलाड़ियों ने प्रतिभाग कर अपनी खेल प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता का औपचारिक शुभारंभ आर.जे.पी. इंटर कॉलेज बिजनौर के प्रधानाचार्य गय्यूर आसिफ ने किया। इस अवसर पर उन्होंने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और उन्हें खेल भावना के साथ प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि खेल विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। खेलों से अनुशासन, टीम भावना, आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता का विकास होता है।



उन्होंने सभी खिलाड़ियों को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दीं। प्रतियोगिता में चयनकर्ता के रूप में एम.जी.एम.पी.एम. इंटर कॉलेज किरतपुर के मोहम्मद यूनुस उपस्थित रहे। उन्होंने खिलाड़ियों के प्रदर्शन, तकनीक, फिटनेस, खेल कौशल और टीम भावना के आधार पर बालक एवं बालिका वर्ग के खिलाड़ियों का चयन किया। प्रतियोगिता में चांदपुर और बिजनौर क्षेत्र की टीमों ने प्रतिभाग किया। दोनों क्षेत्रों के बालक और बालिका खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक मैदान में उतरकर बेहतर प्रदर्शन किया। खिलाड़ियों ने अपने खेल कौशल और क्षमता का प्रदर्शन करते हुए चयनकर्ताओं को प्रभावित किया। चयनित बालक एवं बालिका खिलाड़ी आगामी मंडलीय हॉकी प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे। यह मंडलीय प्रतियोगिता 2 सितंबर को रामपुर में आयोजित की जाएगी। चयनित खिलाड़ियों से जनपद को उत्कृष्ट प्रदर्शन की अपेक्षा है। प्रतियोगिता के सफल आयोजन में नरेंद्र सिंह तथा अजय कुमार, आर.जे.पी. इंटर कॉलेज बिजनौर का विशेष सहयोग रहा। आयोजकों ने सभी प्रतिभागी खिलाड़ियों, शिक्षकों और सहयोगियों का आभार व्यक्त किया तथा चयनित खिलाड़ियों को मंडलीय प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दीं।

# इस वर्ष रक्षाबंधन पर नहीं रहेगा भद्रा का साया

**बिजनौर ( चिंगारी )।** सिविल लाइंस स्थित धार्मिक संस्थान विष्णुलोक के ज्योतिषविद् पंडित ललित शर्मा के सुपुत्र पंडित अभिलाष शर्मा ने बताया कि इस वर्ष भाई-बहन के अटूट स्नेह और विश्वास का प्रतीक पावन पर्व रक्षाबंधन (श्रावणी पूर्णिमा) 28 अगस्त दिन शुक्रवार को मनाया जाएगा। इस वर्ष रक्षाबंधन पर भद्रा का कोई प्रभाव नहीं रहेगा। धर्मशास्त्रों के अनुसार रक्षाबंधन का पर्व सदैव भद्रा रहित काल और पूर्णिमा तिथि में ही मनाया जाना शास्त्रसम्मत माना गया है। इस दिन भद्रा और शुभ मुहूर्त का विशेष ध्यान रखना आवश्यक है ताकि पर्व का पूर्ण फल और शुभता प्राप्त हो सके। पूर्णिमा तिथि प्रारंभ 27 अगस्त को प्रात: 9 बजकर 08 मिनट से एवं पूर्णिमा तिथि समाप्त 28 अगस्त प्रात: 9 बजकर 48 मिनट पर।



### राखी बांधने के श्रेष्ठ एवं शुभ मुहूर्त -

पहला शुभ मुहूर्त -
प्रात: काल 5 बजकर 57 मिनट से 9 बजकर 48 मिनट तक रहेगा।

दूसरा शुभ मुहूर्त -
दोपहर 12 बजकर 18 मिनट से 01 बजकर 55 मिनट तक रहेगा।

राखी बांधते हुए तीन गांठे लगायें

पंडित अभिलाष शर्मा ने बताया कि रक्षासूत्र बंधवाते समय भाई का मुख पूर्व या उत्तर दिशा की ओर होना चाहिए। भाई खाली सिर न बैठें, सिर पर रुमाल या कोई वस्त्र अवश्य रखें। रक्षासूत्र सदैव भाई की दाहिनी कलाई पर ही बांधा जाता है। रक्षाबंधन पर बहन द्वारा भाई की कलाई पर राखी बांधने से पहले मौली (कलावा) बांधना अत्यंत शुभ और मंगलकारी माना गया है। मौली को रक्षा-सूत्र का स्वरूप माना जाता है, जो शुभ संकल्प, मंगलकामना और रक्षा का प्रतीक है। इसके पश्चात राखी बांधते समय तीन गांठें लगाना भी विशेष धार्मिक महत्व रखता है। इन तीन गांठों को ब्रह्मा, विष्णु और महेश का प्रतीक माना जाता है- ब्रह्मा जी सृजन, भगवान विष्णु पालन और भगवान शिव संहार एवं परिवर्तन के अधिष्ठाता हैं। साथ ही ये तीन गांठें धर्म, अर्थ और कर्म जैसे जीवन के प्रमुख पुरुषार्थों को दर्शाता है तथा भाई के सुख, समृद्धि, दीर्घायु और मंगल की कामना का प्रतीक मानी जाती हैं। इसलिए राखी की ये तीन गांठें केवल धागे की गांठ नहीं, बल्कि भाई की रक्षा और उसके जीवन में शुभता के लिए किए गए पवित्र संकल्प का प्रतीक हैं।

**राखी बांधते समय बहनों को निम्न वैदिक मंत्र का उच्चारण अवश्य करना चाहिए-**

**येन बद्धो बलि राजा, दानवेन्द्रो महाबल:।**
**तेन त्वाम् प्रतिबद्धनामि, रक्षे मा चल मा चल।।**

इस वर्ष रक्षाबंधन के पावन पर्व पर चंद्र ग्रहण भी पड़ रहा है परंतु चंद्र ग्रहण भारत में दृश्य ही नहीं होगा अर्थात दिखाई ही नहीं देगा, इसलिए भारत में इसके कारण सूतक मान्य नहीं होगा और रक्षाबंधन के धार्मिक अनुष्ठानों पर इसका कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा।

रक्षाबंधन हमें यही संदेश देता है कि रिश्तों की वास्तविक शक्ति किसी महंगे उपहार में नहीं, बल्कि विश्वास, सम्मान और जीवन के हर उतार-चढ़ाव में एक-दूसरे का साथ निभाने के संकल्प में होती है।



**-पंडित अभिलाष शर्मा**
विष्णुलोक सिविल लाइन पंजाब नेशनल बैंक के बराबर में, बिजनौर।
मो. 9457563232

# उद्यमियों और व्यापारियों की समस्याओं का निस्तारण प्राथमिकता से होगा : डीएम

**बिजनौर (चिंगारी)।** जिलाधिकारी जसजीत कौर ने सोमवार को कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा विदुर सभागार में जिला स्तरीय उद्योग बंधु समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि उद्यमियों और व्यापारियों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि समस्याओं के समाधान के लिए शासन स्तर पर जिला, मंडल और राज्य स्तर की त्रिस्तरीय व्यवस्था लागू है।

बिजनौर शुगर मिल नगीना रोड के दोनों ओर सफाई से जुड़े पुराने प्रकरण में संबंधित उद्यमी ने बताया कि काम शुरू हो चुका है और जल्द पूरा कर लिया जाएगा। उन्होंने इसके लिए जिलाधिकारी और उद्योग विभाग का आभार जताया। ग्राम भानूवाला में कृषि भूमि के बीच से निजी नलकूप के लिए विद्युत लाइन निकाले जाने के मामले में डीएम ने संबंधित अधिकारी को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। ग्राम बशीरपुरा स्थित छोटी पुलिया के पुनर्निर्माण के मामले में जिला पंचायत के अपर मुख्य अधिकारी ने बताया कि प्रकरण को कार्ययोजना में शामिल कर लिया गया है।



### 309 एमओयू, 106 परियोजनाओं पर शुरू हुआ काम

बैठक में जनपद स्तर पर सरदार वल्लभभाई पटेल एंप्लॉयमेंट एंड इंडस्ट्रियल जोन स्थापित किए जाने के लिए भूमि चिन्हांकन के निर्देश दिए गए। निवेश मित्र पोर्टल पर प्राप्त आवेदनों की समीक्षा करते हुए लंबित मामलों का प्राथमिकता से निस्तारण करने को कहा गया। उद्यमियों के साथ किए गए एमओयू की समीक्षा में बताया गया कि कुल 309 एमओयू किए गए हैं। इनमें से 137 ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के लिए चिन्हित थे। इनमें 106 परियोजनाओं में काम शुरू हो चुका है, जबकि 31 परियोजनाएं प्रक्रियाधीन हैं। मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान में 1,700 के लक्ष्य के सापेक्ष 1,157 आवेदन बैंकों को भेजे गए, जिनमें से 364 आवेदन बैंकों द्वारा स्वीकृत किए जा चुके हैं।

### गन्ना मूल्य भुगतान जल्द कराने के निर्देश

**इससे पहले जिलाधिकारी ने गन्ना विभाग के कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने चीनी मिलों पर लंबित गन्ना मूल्य भुगतान जल्द से जल्द किसानों को कराने के निर्देश दिए। साथ ही आगामी पेराई सत्र की तैयारियों की भी समीक्षा की और आवश्यक व्यवस्थाएं समय से पूरी करने को कहा। बैठक में उपायुक्त उद्योग, उपायुक्त जीएसटी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी तथा बड़ी संख्या में उद्यमी और व्यापारी मौजूद रहे।**


DF धारा मोटर फ़ाईनेन्स लिमिटेड

सरकारी एवं प्राइवेट कर्मचारियों के लिए
विशेष लोन सुविधा
Salaried Loan
अब खास आपके लिए

लोन लेना हुआ और भी आसान

अब आप घर बैठे ही अपने मोबाइल से Instant Salaried Loan के लिए Apply कर सकते हैं। कृपया दिए गए QR कोड को स्कैन करें या हमारी वेबसाइट www.dharamotor.com पर क्लिक करें और मोबाइल एप्लिकेशन इंस्टॉल करें और अपने सैलरी लोन के लिए आज ही आवेदन करें।

हमारा सैलरी लोन क्यों चुनें?
- तेज़ और आसान प्रक्रिया
- न्यूनतम दस्तावेज़
- आकर्षक ब्याज दर
- आसान EMI सुविधा
- शीघ्र लोन अप्रूवल और डिस्बर्समेंट

पात्रता (Eligibility)
- सरकारी कर्मचारी
- प्राइवेट सेक्टर कर्मचारी
- नियमित मासिक आय वाले व्यक्ति

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
पंजीकृत कार्यालय : धारा कॉम्प्लेक्स, सिविल लाइन्स-1, बिजनौर-246701
दूरभाष : 01342-262561, 6396752764, 7060210125
Corporate Office (Delhi) : K-814, Noratan Building, Mata Chowk Basant Kunj Road, Mahipalpur, New Delhi. Ph.: 011-41662561
www.dharamotor.com dmf_bijnor@yahoo.com


# भगवान शिव करुणा, त्याग, तपस्या और सत्य के प्रतीक : रामदास जी

### कथा के अंतिम दिन श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी

**हल्दौर (चिंगारी)।** श्री सत्संग मंडल हल्दौर के तत्वावधान में मंडी समिति परिसर में चल रही सात दिवसीय श्री शिव महापुराण कथा के सातवें व अंतिम दिन श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। कथा के समापन अवसर पर पूरा कथा पंडाल हर-हर महादेव और बम-बम भोले के जयघोष से गूंज उठा। श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव के साथ कथा का श्रवण कर भगवान शिव का आशीर्वाद प्राप्त किया।

कथा व्यास श्री रामदास जी महाराज, पीठाधीश्वर श्री रामकृपा धाम, वृंदावन ने शिव महापुराण के विभिन्न प्रसंगों का वर्णन करते हुए कहा कि भगवान शिव करुणा, त्याग, तपस्या और सत्य के प्रतीक हैं। शिव की भक्ति मनुष्य के जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करती है और उसे धर्म, सदाचार



एवं सेवा के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती है। महाराज जी ने कहा कि मनुष्य को अपने जीवन में सत्य, संयम, प्रेम और परोपकार को अपनाना चाहिए। भगवान शिव की आराधना केवल पूजा-पाठ तक सीमित नहीं है, बल्कि उनके आदर्शों को अपने जीवन में उतारना ही सच्ची शिव भक्ति है। महाराज श्री ने बारह ज्योतिर्लिंगों के बारे में विस्तार से बताया। अंतिम दिन कथा स्थल पर श्रद्धालुओं ने भजन-कीर्तन में उत्साहपूर्वक भाग लिया। कथा के समापन पर विधि-विधान से पूजा-अर्चना एवं आरती की गई। आरती के दौरान श्रद्धालुओं ने दीप प्रज्वलित कर भगवान शिव से सुख-समृद्धि और क्षेत्र की खुशहाली की कामना की।

सात दिनों तक चले इस धार्मिक आयोजन में क्षेत्र के विभिन्न गांवों एवं नगर से बड़ी संख्या में श्रद्धालु कथा सुनने पहुंचे। आयोजन समिति की ओर से कथा को सफल बनाने में सहयोग करने वाले सभी श्रद्धालुओं, कार्यकर्ताओं एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त किया गया।

# लेखपाल पर हमले के आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग

### 27 से कार्य बहिष्कार की चेतावनी

**बिजनौर (चिंगारी)।** तहसील सदर परिसर के मुख्य द्वार के सामने 20 अगस्त को लेखपाल सनातन ब्राह्म के साथ हुई मारपीट, गाली-गलौज, अभद्रता और जान से मारने की धमकी के मामले में चार दिन बाद भी आरोपियों की गिरफ्तारी न होने से लेखपालों में रोष है। उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ, उपशाखा तहसील सदर बिजनौर ने तहसीलदार सदर को ज्ञापन सौंपकर आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी समेत अन्य मांगें उठाई हैं।

ज्ञापन के अनुसार, 20 अगस्त को लेखपाल सनातन ब्राह्म के साथ शानू राजपूत, दर्शन राजपूत निवासी रानीपुर मंडावर तथा ग्राम प्रधान जगत सिंह निवासी रतनपुर रियाया, थाना मंडावर द्वारा अभद्रता, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने



का आरोप है। मामले में एफआईआर दर्ज कराई गई थी, लेकिन चार दिन बाद भी आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं होने पर लेखपाल संघ ने नाराजगी जताई है। संगठन ने आशंका जताई कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो भविष्य में किसी अन्य लेखपाल के साथ भी ऐसी घटना दोहराई जा सकती है। लेखपाल संघ ने मांग की है कि दोषी अभियुक्तों की तत्काल गिरफ्तारी की जाए तथा मुख्य अभियुक्त शानू राजपूत का शस्त्र लाइसेंस तत्काल निरस्त किया जाए। संघ ने चेतावनी दी है कि यदि दोनों मांगें दो दिन के भीतर पूरी नहीं की गईं तो 27 अगस्त 2026 से संपूर्ण कार्य बहिष्कार किया जाएगा। ज्ञापन सौंपने वालों में तहसील सचिव प्रीतम सिंह, रणजीत ब्रजवाल, सचिन शर्मा, शुएब आफताब, प्रवेश कुमार, प्रमोद कुमार आदि मौजूद रहे।

# भाजपाइयों ने किया जलाभिषेक

**नगीना (चिंगारी)।** श्रावण माह के आखिरी सोमवार को भाजपा कार्यकर्ताओं ने भोलेनाथ का भव्य जलाभिषेक किया। रामलीला बाग स्थित प्रसिद्ध देवी माता के मंदिर में भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्राचीन शिवलिंग पर पूजा अर्चना कर भगवान भोलेनाथ का भव्य जलाभिषेक किया। इस मौके पर पूर्व विधायक सतीश गौतम, प्रांतीय पार्षद रोहित रवि, पूर्व जिला उपाध्यक्ष कुंवर कृष्ण बलदेव सिंह, पूर्व अध्यक्ष रविदास महासभा राजकुमार सिंह, अमूल नंदा, अमन सिंह आदि मौजूद रहे।



# अपनी शालीनता की छाप छोड़ गये एसपी अभिषेक



## पुलिस विभाग ने भावभीनी विदाई दी

**बिजनौर ( चिंगारी )।** गोंडा के लिये स्थानान्तरित पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा को कल पुलिस लाइन, बिजनौर में भावपूर्ण विदाई दी गई। अभिषेक झा जिलेवासियों पर अपनी शालीनता की छाप छोड़ गये हैं। विदाई समारोह में अधीनस्थ पुलिस अधिकारी भावुक नजर आये। इस अवसर पर जिलाधिकारी श्रीमती जसजीत कौर, जनपद के समस्त राजपत्रित अधिकारी, थाना प्रभारी, शाखा प्रभारी तथा पुलिस विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। इस दौरान अधिकारियों एवं पुलिसकर्मियों ने अभिषेक झा के कार्यकाल और उनके द्वारा दी गई सेवाओं की सराहना की। समारोह के दौरान पुलिस विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों में उनके प्रति सम्मान एवं आत्मीयता का भाव देखने को मिला। बाद में उन्हें फूलों से सजी कार में विदा किया गया।

# रवा राजपूत सभा की नव निर्वाचित प्रबंध समिति ने शपथ ली




**बिजनौर ( चिंगारी )।** रवा राजपूत सभा जनपद बिजनौर (पंजी.) की नवनिर्वाचित प्रबंध समिति का शपथ ग्रहण समारोह रवा राजपूत धर्मशाला, बिजनौर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता देवेन्द्र राजपूत ने तथा संचालन विनीत राजपूत अध्यक्ष रवा राजपूत संघ बिजनौर ने किया।

इस अवसर पर समाज के प्रबुद्ध वक्ताओं ने समाज के विकास, एकजुटता तथा विशेष रूप से युवाओं के मार्गदर्शन की महत्ता पर विचार रखते हुए कहा कि समाज के युवाओं को शिक्षा, संस्कार, रोजगार एवं सामाजिक दायित्वों के प्रति जागरूक करने के लिए निरंतर प्रयास किए जाने चाहिए। संजय राजपूत संरक्षक रवा राजपूत सभा बिजनौर ने नव निर्वाचित अध्यक्ष कुंवर पाल सिंह राजपूत, महसचिव हितेश राजपूत, कोषाध्यक्ष उमेश राजपूत को शपथ ग्रहण करायी। मुख्य चुनाव अधिकारी सुभाष राजपूत व सह चुनाव अधिकारी कृपाल सिंह राजपूत ने उपाध्यक्ष सुभाष राजपूत, उपाध्यक्ष हेमन्त राजपूत, सचिव भूपेन्द्र राजपूत, सचिव इकबाल सिंह राजपूत, संगठन सचिव सत्यवीर सिंह राजपूत, एडिटर कृष्णपाल सिंह राजपूत को शपथ ग्रहण करायी

समारोह में विशिष्ट अतिथि महेशपाल सिंह विभाग संघचालक, ललित कुमार, सतेन्द्र राजपूत, अशोक राजपूत, भाजपा जिला उपाध्यक्ष जितेन्द्र राजपूत तथा उच्च सदन रवा राजपूत सभा से संयोजक मदनपाल सिंह, सह संयोजक अरविन्द राजपूत, संजय राजपूत, यशपाल सिंह, सुशील राजपूत, मास्टर दीपक सिंह एवं बालेश राजपूत का माला एवं अंगवस्त्र से स्वागत किया गया।

# हिन्दी प्रवक्ता उमा महेश्वर पांडेय को मिली पीएचडी उपाधि



**बिजनौर ( चिंगारी )।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय मॉडल इंटर कॉलेज सबलगढ़ जनपद बिजनौर में कार्यरत हिन्दी प्रवक्ता उमा महेश्वर पांडेय ने अपनी पी-एच.डी. पूर्ण कर डॉक्टर की उपाधि हासिल की।

श्री पांडेय मूलत: जनपद संत कबीर नगर के मेहदावल तहसील के रहने वाले हैं। उनकी उच्च शिक्षा दीनदयाल उपाध्याय विश्वविद्यालय, गोरखपुर से संपन्न हुई। सन् 2015 में स्नातक में प्रथम श्रेणी की परीक्षा उत्तीर्ण करने के उपरांत उन्होंने हिंदी विभाग से सन् 2017 स्नातकोत्तर की उपाधि हासिल की। इसके बाद दिसंबर 2018 में यूजीसी द्वारा आयोजित परीक्षा में नेट-जेआरएफ की परीक्षा उत्तीर्ण की। सन् 2021 में उन्होंने गोरखपुर विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग में कार्यरत आचार्य प्रत्यूष दुबे के निर्देशन में 'महाभारत और महासमर के स्त्री पात्रों का तुलनात्मक अध्ययन' विषय पर शोध कार्य आरंभ किया। इसी दौरान उनका चयन उत्तर प्रदेश लोक सेवा द्वारा आयोजित परीक्षा राजकीय इंटर कालेज के लेक्चरर पद पर हो गया। इस बीच जिला विद्यालय निरीक्षक बिजनौर के आदेश पर राजकीय कन्या इंटर कालेज साहनपुर में कार्यवाहक प्रधानाचार्य का भी जिम्मेदारी के साथ निर्वाह किया। जीआईसी लेक्चरर में चयनित होने पर उन्होंने अपना शोध कार्य को जारी रखा। कठिन परिश्रम और लगन से उन्होंने 2025 में अपने शोध कार्य को पूर्ण कर 2026 में डॉक्टर की उपाधि हासिल की।

# ट्रेन की चपेट में आकर युवक की मौत

**स्योहारा ( चिंगारी )** ट्रेन की चपेट मे आने से युवक की मौत हो गयी। पुलिस ने शव को पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के मुताबिक आज सुबह लगभग 6:30 बजे हुजफा पुत्र कारी महमुद उम्र करीब 15 वर्ष ग्राम निवासी मोहल्ला चकमहदूदसानी कस्बा जो दिमागी रूप से कमजोर था। रेलवे ट्रैक अप लाइन स्योहारा से धामपुर की ओर पर घूम रहा था, जिसकी खंबा नंबर 1445/13 व 1445/15 के बीच गाड़ी संख्या 14623 से टकरा जाने पर युवक की मौत हो गयी।

# स्कूली बच्चों को कूड़ा प्रबंधन की जानकारी दी

**अफजलगढ़ ( चिंगारी )।** रक्षाबंधन के अवसर पर पालिका प्रशासन की ओर से विद्यालय में पहुंचकर छात्र-छात्राओं को स्वच्छता एवं कूड़ा प्रबंधन के प्रति जागरूक किया गया।

नगर पालिका अफजलगढ़ में लिपिक पद पर कार्यरत रोबिन अग्रवाल ने बच्चों को गीले और सूखे कूड़े के बीच अंतर समझाते हुए बताया कि घरों एवं विद्यालयों से निकलने वाले कूड़े को अलग-अलग एकत्र करना स्वच्छ वातावरण के लिए बेहद जरूरी है। इस दौरान उन्होंने बच्चों को बताया गया कि सूखे कूड़े में कागज, प्लास्टिक, गत्ता, बोतल, पैकेजिंग सामग्री आदि को अलग रखा जाना चाहिए, जबकि गीले कूड़े में भोजन के अवशेष, सब्जियों और फलों के छिलके जैसी सामग्री शामिल होती है। पालिका प्रशासन ने बच्चों से अपील की कि वे स्वयं स्वच्छता का ध्यान रखने के साथ अपने परिवार और आसपास के लोगों को भी कूड़े का उचित निस्तारण करने के लिए प्रेरित करें। रक्षाबंधन के पर्व पर पालिका कर्मियों ने बच्चों के साथ आत्मीयता से संवाद करते हुए स्वच्छता को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का संदेश दिया। बच्चों ने भी विद्यालय और अपने घर के आसपास साफ-सफाई बनाए रखने तथा कूड़ा इधर-उधर न फेंकने का संकल्प लिया। इस अवसर पर रोबिन अग्रवाल, विशेष अग्रवाल, विद्यालय की प्रधानाचार्य कल्पना कौशिक, सागर आदि मौजूद रहे।




बच्चों को जानकारी देते रोबिन अग्रवाल

# भाकियू जमींदार की बैठक में कार्यकारिणी का गठन

## पदाधिकारियों को सौंपी जिम्मेदारियां

**नगीना ( चिंगारी )।** भारतीय किसान यूनियन (जमींदार) की बैठक में संगठन को मजबूत करने और किसानों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाने पर चर्चा की गई।

श्री कल्याणमल देवता मंदिर कोटकादर में भाकियू( जमींदार) की बैठक आयोजित हुई। बैठक में संगठन की कार्यकारिणी का गठन कर पदाधिकारियों को विभिन्न जिम्मेदारियां सौंपी गईं। राष्ट्रीय अध्यक्ष गौतम शर्मा, राष्ट्रीय महासचिव पंडित राहुल शर्मा, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुरेंद्र कुमार सिंह, राष्ट्रीय सचिव भूरा खान, जिला महिला मोर्चा अध्यक्ष प्रीति राजपूत, जिला उपाध्यक्ष मोहिद मलिक, जिला उपाध्यक्ष रशीद मंसूरी, विधानसभा अध्यक्ष इजहार अहमद को जिम्मेदारी दी गई।

इसके अलावा ब्लॉक अध्यक्ष खुर्शीद, युवा ब्लॉक उपाध्यक्ष समीम, ग्राम अध्यक्ष कोटकादर चौधरी राजीव सिंह, ग्राम अध्यक्ष मोहम्मद सादिक, नजीबाबाद युवा मोर्चा ब्लॉक अध्यक्ष जावेद, ग्राम अध्यक्ष कदरपुर राजेंद्र सिंह, ग्राम उपाध्यक्ष कोट कादर शाहनवाज, ब्लॉक सचिव कोतवाली जाकिर हुसैन, ब्लॉक उपाध्यक्ष कोतवाली मो.शाकिर, जिला उपाध्यक्ष बिजनौर मोहम्मद जमाल तथा जिला प्रभारी बिजनौर शहजाद उर्फ सदन खान समेत अन्य पदाधिकारियों को संगठन की जिम्मेदारियां सौंपी गईं।



संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष गौतम शर्मा ने कहा कि भारतीय किसान यूनियन जमींदार किसानों की समस्याओं को मजबूती से उठाने के साथ-साथ संगठन का विस्तार गांव-गांव तक करेगी। उन्होंने नवनियुक्त पदाधिकारियों से किसानों के हित में कार्य करने का आह्वान किया। बैठक में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं किसान मौजूद रहे।

# स्काउट एंड गाइड प्रशिक्षण शिविर सम्पन्न




आरआर पब्लिक स्कूल में तीन दिवसीय शिविर का समापन हुआ।

**नूरपुर ( चिंगारी )।** सोमवार को यहां स्योहारा रोड स्थित आरआर पब्लिक स्कूल में भारत स्काउट एंड गाइड के प्रथम सोपान के रूप में तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ समापन हो गया। प्रशिक्षण के अंतिम दिन अतिथियों ने शिविर का निरीक्षण किया। प्रशिक्षण में स्काउट एंड गाइड की जिला प्रशिक्षक श्रीमती रीतु रानी ने बच्चों को गांठें बांधना, प्रार्थना, प्रतिज्ञा, ध्वज गीत, राष्ट्रीय ध्वज व स्काउट एंड गाइड ध्वज के बारे में पूर्ण जानकारी दी। स्काउट एंड गाइड के नियम में सिद्धांतों के बारे में बताया गया। प्रशिक्षण दिवस के तीसरे दिन समापन दिवस में स्काउट एंड गाइड को बीपी-6 कराई गई। इससे पूर्व प्रशिक्षण के पहले दिन प्रथम सोपान में अनुशासन और ईमानदारी के महत्व के साथ लेखन कार्य कराया गया। स्काउट गाइड सहायक प्रशिक्षक जीवन सिंह के द्वारा छात्र-छात्राओं को स्काउट ताली का अभ्यास कराकर मार्च पास्ट की जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में बच्चों को आपदा प्रबंधन की जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के दौरान आदर्श सिंह, दक्ष कुमार, आरव दत्त, आरुष कश्यप, उदित कुमार, बिराज प्रताप सिंह, अल्फेज, गर्वित चौहान, लक्ष्य गौड़, मनदीप, आरुषि वर्मा, निकिता, कनिष्क सैनी, गरिमा प्रताप सिंह, निधि शर्मा, जानवी, जसमीत कौर, परिधि, श्रद्धा, डोली, नंदिनी, आराध्या वशिष्ठ, नायरा, पीहू चौहान आदि का कार्य सराहनीय रहा। इस अवसर पर स्कूली बालिकाओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया। स्कूल के प्रधानाचार्य प्रणय मनु गुप्ता ने कहा कि स्काउट एवं गाइड को निस्वार्थ भाव से समाज व राष्ट्र की सेवा का कार्य करना चाहिए। उपप्रधानाचार्य टीकम सिंह ने कहा कि स्काउट एंड गाइड हमें दूसरों के लिए जीने की कला सिखाता है।



कार्यक्रम में रसोइया को सम्मानित करतीं आकांक्षा चौहान।

# विद्यालयों की रसोइयों को सम्मानित किया

**नूरपुर ( चिंगारी )।** प्रधानमंत्री पोषण योजना के अंतर्गत प्रदेश के बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा संचालित समस्त प्राथमिक,उच्च प्राथमिक एवं कम्पोजिट विद्यालयों में कार्यरत रसोइयों के सम्मान तथा कैशलेस चिकित्सा कार्ड योजना का शुभारंभ ब्लॉक प्रमुख आकांक्षा चौहान ने दीप प्रज्वलित कर किया। विकास खंड नूरपुर के सभागार में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता खण्ड शिक्षा अधिकारी मोहम्मदपुर देवमल प्रभात कुमार व संचालन भूपेंद्र सिंह ने किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए आकांक्षा चौहान ने उपस्थित रसोइयों को मुख्यमंत्री कैशलेस चिकित्सा कार्ड योजना के संबंध में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश में कार्यरत लगभग 3.53 लाख रसोइयों एवं उनके परिवारजनों को 5 लाख रुपये तक की चिकित्सा सुविधा का नि:शुल्क लाभ मिलेगा। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार की ओर से रसोइयों के मानदेय में1,000 प्रतिमाह की वृद्धि की गई है तथा साड़ी के लिए भी 1,000 की धनराशि प्रदान की जाएगी। दुर्घटना की स्थिति में रसोइयों के परिजनों को भारतीय स्टेट बैंक की ओर से 2 लाख की आर्थिक सहायता उपलब्ध कराए जाने की जानकारी दी गई। अध्यक्षता कर रहे प्रभात कुमार ने प्रधानाध्यापकों एवं रसोइयों को निर्देशित किया कि सभी विद्यालयों में पीएम पोषण योजना के निर्धारित मेन्यू के अनुसार गुणवत्तापूर्ण एवं पौष्टिक भोजन का वितरण सुनिश्चित किया जाए। साथ ही विद्यालयों की रसोई को स्वच्छता एवं साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। खण्ड शिक्षा अधिकारी अमरेश के निर्देश पर विकास क्षेत्र नूरपुर के समस्त परिषदीय विद्यालयों के प्रधानाध्यापक व इंचार्ज रसोइयों के साथ उपस्थित रहे। कार्यक्रम में खण्ड विकास अधिकारी दिनेशचंद शर्मा एवं एडीओ पंचायत वरुण कुमार ने भी विद्यालयों में उच्च स्तरीय साफ-सफाई एवं स्वच्छ वातावरण बनाए रखने पर विशेष जोर दिया।

## 20 कुत्तों को पकड़कर बधिया कराया



नहटौर पालिका में एबीसी सेंटर के लिए कुत्ते पकड़ते कर्मी।

**नहटौर ( चिंगारी )।** आवारा कुत्तों की बढ़ती संख्या को रोकने के लिए नगर पालिका की ओर से गठित टीम द्वारा 20 कुत्तों को पकड़ा गया। कुत्तों को एनिमल बर्ड्स कंट्रोल केंद्र ले जाकर बधियाकरण व टीकाकरण किया गया। सोमवार को नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी बिजेंद्र सिंह एवं चेयरपर्सन अनस इकरार के निर्देश पर बनी टीम ने नगर में आवारा कुत्तों को पकड़ने का अभियान चलाया। जिसके अंतर्गत पकड़े गए 20 कुत्तों को वार्ड 5 में स्थित एनिमल बर्ड्स कंट्रोल (एबीसी)केंद्र ले जाकर उनका बधियाकरण में टीकाकरण कराया गया। शेष कुत्तों को भी टीम द्वारा जल्द ही पकड़ा जाएगा।

## गंगा पर तटबंध बनाने की मांग



**चांदपुर ( चिंगारी )।** भारत विकास समिति ने खादर क्षेत्र में बाढ़ की रोकथाम के लिए गंगा किनारे तटबंध बनाए जाने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री के नाम उपजिलाधिकारी चांदपुर को ज्ञापन दिया। ज्ञापन में कहा गया कि गंगा पर तटबंध न होने से प्रतिवर्ष बरसात के मौसम में खादर क्षेत्र में बाढ़ का पानी आ जाने से हजारों किसानों की फसलें नष्ट हो जाने से खादर क्षेत्र के किसानों को भारी आर्थिक हानि उठानी पड़ती है तथा साथ ही पशुओं के चारे की गम्भीर समस्या पैदा हो जाती है। बाढ़ से जहां क्षेत्र के अनेक गांवों का सम्पर्क तहसील मुख्यालय से कट जाता है, वहीं बच्चों की पढ़ाई प्रभावित होती है। गंगा किनारे तटबंध बनाए जाने की मांग को लेकर खादर क्षेत्र के लोग अनेक बार आन्दोलन भी कर चुके हैं। ज्ञापन देने वालों में समिति के जिलाध्यक्ष कुलदीप सिंह एडवोकेट, नीरज तिवारी एडवोकेट, मौ. जीशान एडवोकेट, सुरेन्द्र एडवोकेट, पंकज मित्तल, महेन्द्र सिंह, इंतजार जैदी एडवोकेट आदि शामिल थे।

## कपिल चौधरी ने कराया भण्डारा



**चांदपुर ( चिंगारी )।** वरिष्ठ भाजपा नेता एवं ब्लाक प्रमुख पुत्र कपिल चौधरी की ओर से सावन के अंतिम सोमवार को विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। यहां रोडवेज बस स्टैंड के नजदीक स्थित शिव मंदिर में सर्वप्रथम हवन हुआ, जिसमें मुख्य यजमान कपिल चौधरी थे। बाद में विशाल भंडारा हुआ। भंडारे में गौरव लाम्बा, वीरेन्द्र राजपूत आदि का सहयोग रहा।

# गुलदार के हमलों में मासूमों की मौत के बाद वन विभाग की तैयारियों पर गंभीर सवाल

## मानवाधिकार आयोग से 10 लाख मुआवजे, वन विभाग की जवाबदेही और शासन स्तर पर राज्यव्यापी समीक्षा की मांग

**बिजनौर ( चिंगारी )। जनपद बिजनौर में गुलदार के लगातार बढ़ते आतंक और दो मासूम बच्चों की मौत का मामला अब गंभीर मानवाधिकार एवं प्रशासनिक जवाबदेही का विषय बन गया है। छह वर्षीय नक्श और दो वर्षीय रोहित की गुलदार के हमले में हुई मौत के बाद World Accreditation of Human Rights (WAOHR) के राष्ट्रीय महासचिव डॉ. तारिक़ ज़की ने मामले को गंभीरता से उठाते हुए उत्तर प्रदेश राज्य मानवाधिकार आयोग के समक्ष प्रभावी कार्रवाई की मांग की है।**

डॉ. तारिक़ ज़की ने आयोग के समक्ष प्रस्तुत शिकायत में कहा है कि दोनों घटनाओं को अलग-अलग वन्यजीव घटनाओं के रूप में देखने के बजाय बिजनौर में लगातार बढ़ रहे मानव-गुलदार संघर्ष तथा नागरिकों, विशेषकर बच्चों की सुरक्षा में संभावित प्रशासनिक विफलता के व्यापक परिप्रेक्ष्य में जांचा जाना चाहिए। डॉ. ज़की ने सवाल उठाया कि यदि संवेदनशील क्षेत्रों में गुलदार की गतिविधियों की पूर्व जानकारी उपलब्ध थी, तो मानव बस्तियों और बच्चों की सुरक्षा के लिए समय रहते पर्याप्त निवारक व्यवस्था क्यों नहीं



**डा. तारिक जकी ने राज्य मानवाधिकार आयोग के समक्ष उठाया मामला**

की गई? 24 अगस्त 2026 को प्रकाशित समाचार में गुलदार की तलाश के दौरान वन विभाग की टीम द्वारा उसे पकड़ने के प्रयास और विभागीय राइफल से फायर न हो पाने का उल्लेख सामने आया है। डॉ. तारिक़ ज़की ने इस तथ्य के संदर्भ में विभागीय हथियारों, सुरक्षा उपकरणों और अन्य संसाधनों की उपलब्धता, रखरखाव तथा कार्यशीलता की निष्पक्ष जांच की मांग की है। उनका कहना है कि संवेदनशील क्षेत्र में जब मानव जीवन पर गंभीर खतरा मौजूद हो, तब त्वरित प्रतिक्रिया के लिए उपलब्ध संसाधनों का कार्यशील और पर्याप्त होना अत्यंत महत्वपूर्ण है। मानवाधिकार आयोग से दो वर्षीय रोहित के परिवार को 10 लाख की अंतरिम क्षतिपूर्ति दिए जाने की मांग की गई है। साथ ही छह वर्षीय नक्श के परिवार को उपलब्ध कराई गई सरकारी सहायता एवं क्षतिपूर्ति की स्थिति की रिपोर्ट भी तलब किए जाने का अनुरोध किया गया है। डॉ. ज़की ने स्पष्ट किया है कि शिकायत का उद्देश्य जांच से पहले किसी अधिकारी को दोषी ठहराना नहीं है, बल्कि स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं अभिलेख-आधारित जांच के माध्यम से वास्तविक प्रशासनिक जिम्मेदारी निर्धारित करना है। शिकायत में मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश शासन, वन विभाग के अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव तथा प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं मुख्य वन्यजीव प्रतिपालक, उत्तर प्रदेश को प्रकरण से अवगत कराते हुए बिजनौर में वन विभाग की कार्यप्रणाली की राज्य स्तरीय समीक्षा कराने की मांग की गई है।

# धरने के साथ अब किसानों ने क्रमिक अनशन भी शुरू किया

**हीमपुर दीपा ( चिंगारी )। विकास खंड जलीलपुर क्षेत्र के गंगा खादर में हर वर्ष आने वाली बाढ़ से फसलें बर्बाद होने से परेशान किसानों का अनिश्चितकालीन धरना आज भी जारी रहा। प्रशासन से स्थायी समाधान की मांग कर रहे किसानों ने अब आंदोलन को और तेज कर दिया है। पांच किसान आज क्रमिक अनशन पर बैठ गए। किसानों ने स्पष्ट किया कि जब तक बाढ़ की समस्या का स्थायी समाधान नहीं किया जाता, तब तक उनका आंदोलन जारी रहेगा।**

विकासखंड जलीलपुर क्षेत्र के गंगा खादर क्षेत्र के करीब 25 गांवों के किसान पिछले कई वर्षों से बाढ़ की गंभीर समस्या से जूझ रहे हैं। बरसात का मौसम शुरू होते ही किसानों की चिंता बढ़ जाती है। गंगा का जलस्तर बढ़ने के साथ ही खादर क्षेत्र के खेतों में पानी पहुंच जाता है। देखते ही देखते खेत जलमग्न हो जाते हैं और किसानों द्वारा महीनों की मेहनत तथा हजारों रुपये की लागत लगाकर तैयार की गई फसल बर्बाद हो जाती है। किसानों का कहना है कि बाढ़ उनके लिए हर साल एक नई मुसीबत लेकर आती है। कभी खेतों में खड़ी फसल पानी में डूब जाती है तो कभी कई दिनों तक खेतों में पानी भरा रहने के कारण फसल पूरी तरह नष्ट हो जाती है। इससे किसानों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है। कई बार स्थिति ऐसी हो जाती है कि किसानों को फसल की लागत तक वापस नहीं मिल पाती है। किसानों का कहना है कि पिछले कई वर्षों से वे शासन और प्रशासन से गंगा के किनारे मजबूत तटबंध बनवाने तथा बाढ़ से बचाव के स्थायी इंतजाम करने की मांग करते आ रहे हैं। हर वर्ष अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों के सामने समस्या रखी जाती है, ज्ञापन दिए जाते हैं और बाढ़ के समय राहत एवं बचाव की मांग की जाती है, लेकिन बाढ़ का स्थायी समाधान अभी तक नहीं हो सका है। धरने पर बैठे किसानों में सर्वश्री निखिल त्यागी, कर्मसिंह चौहान, सूरजभान, गुरविंदर सिंह, गजब सिंह, सतपाल चौहान, चरण सिंह, सुरेश कश्यप, कालू टिकैत, रामचरण, रईसउद्दीन, ओमप्रकाश, करतार सिंह, नरेश कुमार, शिवकुमार शास्त्री, देवेंद्र, नरेश, सोमपाल शास्त्री, नफीस अहमद, अकरम अंसारी का कहना है कि उन्होंने लंबे समय तक प्रशासन से गुहार लगाई, लेकिन अब वे स्थायी समाधान चाहते हैं।



## हर साल मुसीबत लेकर आती है बरसात

## 21 दिन से मार्ग पूरी तरह बंद

**गंगा का जलस्तर धीरे-धीरे कम होने से जहां लोगों ने राहत की सांस ली है। वहीं हस्तिनापुर-चांदपुर संपर्क मार्ग गंगा नदी पर बने पुल की एप्रोच धंसने लगी है, 21 दिनों से मार्ग पूरी तरह से बंद है। आसपास के ग्रामीणों ने नारनौर पांडव नगर चौकी, हस्तिनापुर मार्ग पर सीमेंट के पाइप के ऊपर लोहे की चाल्ली रखकर एक अस्थायी पुल बनाया है, उक्त पुल से दो पहिया वहान तथा पैदल यात्री निकल सकते हैं।**

---

# खेतों का कटान कर गलखा देवी मंदिर की ओर बढ़ी गंगा की धारा



**मंडावर ( चिंगारी )।** पहाड़ी और मैदानी क्षेत्रों में लगातार हो रही बारिश के चलते गंगा नदी इन दिनों उफान पर है। मंडावर क्षेत्र में गंगा की धारा ने अपना रुख खेतों की ओर कर लिया है। तेज बहाव के कारण नदी लगातार खेतों का कटान करती हुई गलखा देवी मंदिर की ओर बढ़ रही है। इससे आसपास के ग्रामीणों में चिंता और दहशत का माहौल बना हुआ है। ग्रामीणों के अनुसार पिछले कई दिनों से गंगा की तेज धार खेतों की जमीन को लगातार काट रही है। यदि कटान का सिलसिला इसी तरह जारी रहा तो बड़ी मात्रा में कृषि भूमि गंगा की धारा में समा सकती है और आने वाले दिनों में गलखा देवी मंदिर क्षेत्र के लिए भी खतरा बढ़ सकता है। ग्रामीणों ने गंगा के बढ़ते कटान की जानकारी सिंचाई विभाग के अधिकारियों को दे दी है। सूचना के बाद विभाग ने कटान रोकने के लिए अस्थायी इंतजाम शुरू किए हैं। गंगा की धारा के किनारे लकड़ी की बल्लियां लगाकर उनमें रेत से भरे बोरे डाले जा रहे हैं, ताकि पानी की तेज धार को रोककर कटान की रफ्तार कम की जा सके। वही स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि गंगा का बहाव लगातार तेज हो रहा है और अस्थायी इंतजाम लंबे समय तक कारगर नहीं रहेंगे। उन्होंने प्रशासन और सिंचाई विभाग से मौके का निरीक्षण कराकर कटान प्रभावित क्षेत्र में मजबूत और स्थायी बाढ़ सुरक्षा कार्य कराने की मांग की।

**ग्रामीणों की चिंता है कि यदि समय रहते प्रभावी कदम नहीं उठाए गए तो गंगा की धारा खेतों को काटते हुए आबादी और धार्मिक स्थल की ओर बढ़ सकती है। ऐसे में प्रशासन को स्थिति पर लगातार निगरानी रखने और जरूरत पड़ने पर तत्काल बचाव कार्य कराने की जरूरत है।**

# गुलदार ने बच्ची को किया था घायल, एडीएम ने की आर्थिक मदद



**मंडावर ( चिंगारी )।** एडीएम वित्त देवेंद्र पाल सिंह ने ग्राम बादशाहपुर में अपने दादा के साथ आई पोती को गुलदार के हमले में गंभीर रूप से घायल होने पर उसके इलाज के लिए 50 हजार रुपए का चेक प्रदान किया हैं। ग्राम बादशाहपुर निवासी किसान बलराम सिंह की पोती पर गुलदार ने उस समय हमला कर दिया था, जब वह अपने दादा-दादी के साथ खेत में थी। आसपास के किसानों ने बच्ची को किसी तरह से शोर मचा कर छुड़ाया था। हमले में बच्ची गंभीर घायल हो गई थी। एडीएम (वि./रा.) देवेंद्र पाल सिंह ने मानवीय संवेदनाएं प्रकट करते हुए बच्ची को दैवीय आपदा राहत के तौर पर इलाज के लिए 50 हजार रुपए का चेक प्रदान कराया और बताया कि बिजनौर सेवा समिति द्वारा दैवीय आपदा से प्रभावित व्यक्तियों के चिकित्सीय उपचार के लिए प्रदान की जाती है। भाजपा मंडल अध्यक्ष मनोज कुमार इस मौके पर साथ रहे।

---

# कर्मचारी नेता राकेश शर्मा को मातृशोक

**बिजनौर ( चिंगारी )।** उत्तर प्रदेश राज्य कर्मचारी महासंघ जनपद बिजनौर के जिलाध्यक्ष राकेश कुमार शर्मा की पूज्य माताजी श्रीमती क्रांति देवी का आज 81 वर्ष की आयु में स्वर्गवास हो गया। वे काफी दिनों से बीमार चल रहीं थीं। उनके निधन की खबर फैलते ही मुहल्ला नई बस्ती स्थित निवास पर शोक संवेदनायें व्यक्त करने वालों का तांता लग गया। वे अपने पीछे एक पुत्र व दो पुत्रियों सहित भरा-पूरा परिवार छोड़ गयी हैं। गंगा बैराज पर उनका अंतिम संस्कार किया गया। उनकी अंतिम यात्रा में भारी संख्या में राज्य कर्मचारियों, शिक्षकों तथा सर्वसमाज के गणमान्य लोगों ने शिरकत की। चिंगारी परिवार दिवंगत आत्मा की शांति की कामना तथा शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदनाएं व्यक्त करता है।



# इंटर कालेज से इंवर्टर व बैटरी चोरी के दो आरोपी गिरफ्तार

**अफजलगढ़ ( चिंगारी )। स्थानीय पुलिस ने चोरी की एक घटना का खुलासा करते हुए दो युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से चोरी किए गए दो इनवर्टर और दो बैटरे बरामद किए हैं।**

रेहड़ थाना क्षेत्र के ग्राम हरकिशनपुर निवासी विमल कुमार राजकीय बालिका इंटर कॉलेज सुआवाला में चौकीदार हैं। उन्होंने पुलिस को दी तहरीर में बताया था कि 16 अगस्त की रात कॉलेज परिसर से माइक्रोटैक कंपनी का सफेद रंग का इनवर्टर, स्मार्टन कंपनी का नीले रंग का इनवर्टर और स्मार्टन कंपनी की दो सफेद बैटरी चोरी हो गये। पुलिस के अनुसार, पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार के निर्देशन और क्षेत्राधिकारी अफजलगढ़ आलोक कुमार के पर्यवेक्षण में पुलिस टीम चोरी की घटना के खुलासे के लिए लगातार प्रयास कर रही थी। इसी दौरान रविवार रात करीब साढ़े आठ बजे मुखबिर से सूचना मिली कि चोरी की घटना में शामिल आरोपी हरपुर तिराहे के पास मौजूद हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने भूतपुरी-जसपुर मार्ग पर हरपुर तिराहे के पास घेराबंदी कर दो युवकों को पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपियों की पहचान सुआवाला निवासी लक्की उर्फ अनिकेत (24) पुत्र घासी राम और हर्ष (22) पुत्र मंजीत सिंह के रूप में हुई। तलाशी के दौरान उनके कब्जे से चोरी के दोनों इनवर्टर और दो बैटरे बरामद हुए। प्रभारी निरीक्षक मृदुल कुमार ने बताया कि दोनों आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में कार्रवाई करते हुए न्यायालय में पेश किया गया है। पुलिस टीम में वरिष्ठ उपनिरीक्षक कमल सिंह, कांस्टेबल देवकरण सिंह, विजय राणा और मोनू कुमार शामिल रहे।



# बाजार में पहुंचते ही महंगी क्यों हो जाती है किसान की फसल ?

-दिगम्बर सिंह



## चीनी के बढ़ते दाम ने फिर खड़ा किया किसान के लाभकारी मूल्य का सवाल

किसान की सबसे बड़ी विडंबना यह है कि जब उसकी फसल उसके खेत, घर या खलिहान में होती है, तब बाजार में उसके भाव को लेकर तमाम तर्क दिए जाते हैं। लेकिन जैसे ही वही फसल व्यापारी, मिल या बाजार की व्यवस्था के हाथ में पहुंचती है तो उसके दाम अचानक बढ़ने लगते हैं। किसान अपनी फसल बेच देता है और कुछ समय बाद उसी फसल के उत्पाद का बाजार भाव तेजी से ऊपर चला जाता है। तब किसान स्वाभाविक रूप से खुद को ठगा हुआ महसूस करता है। इस बार चीनी के बढ़ते दाम ने इसी सवाल को एक बार फिर देश के सामने खड़ा किया है। सवाल केवल यह नहीं है कि चीनी महंगी क्यों हुई? बड़ा सवाल यह है कि जब चीनी के दाम बढ़े तो इस बढ़े हुए मूल्य का उचित लाभ गन्ना किसान तक क्यों नहीं पहुंचा?

### चीनी की बैलेंस शीट क्या कहती है?

इस पूरे मामले को समझने के लिए भावनाओं से ज्यादा जरूरी है कि हम चीनी की उपलब्धता और खपत के आंकड़ों को देखें। 2025-26 के लिए सरकार का ताजा अनुमान देश में लगभग 306 लाख मीट्रिक टन चीनी उत्पादन का है, जबकि शुरुआती अनुमान करीब 343 लाख मीट्रिक टन था। अर्थात शुरुआती अनुमान की तुलना में लगभग 37 लाख मीट्रिक टन कम उत्पादन हुआ। सरकार ने इसके पीछे गन्ने में रेड रॉट और टॉप बोरर जैसे रोगों तथा अत्यधिक बारिश से जलभराव को प्रमुख कारण बताया है। देश में घरेलू चीनी खपत लगभग 280-290 लाख मीट्रिक टन के आसपास है। सरकार के अनुसार एथेनॉल के लिए चीनी का डायवर्जन इस वर्ष लगभग 9 प्रतिशत रहा है, जो 2022-23 के लगभग 12 प्रतिशत से कम है। इसलिए चीनी की मौजूदा तेजी का पूरा दोष एथेनॉल पर डालना भी तथ्यात्मक रूप से उचित नहीं होगा। इसके बावजूद चीनी के बाजार भाव में तेजी आई है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार 20 जुलाई 2026 को चीनी का औसत खुदरा भाव करीब 48.18 प्रति किलो था, जो 20 अगस्त को बढ़कर 55.70 प्रति किलो हो गया।

रायटर्स (अंतराष्ट्रीय समाचार एजेंसी) की 24 अगस्त की रिपोर्ट में भी इंडियन शुगर मिल्स एसोसिएशन के अध्यक्ष के हवाले से कहा गया है कि हाल की तेजी को वास्तविक कमी की बजाय काफी हद तक speculative buying यानी सट्टात्मक खरीद से जोड़कर देखा जा रहा है। उसी रिपोर्ट के अनुसार मौजूदा सीजन में करीब 279 लाख मीट्रिक टन उत्पादन, लगभग 280-285 लाख मीट्रिक टन घरेलू खपत और करीब 30 लाख मीट्रिक टन एथेनॉल डायवर्जन का अनुमान है। अगले सीजन में शुरुआती स्टॉक लगभग 35 लाख मीट्रिक टन रहने का अनुमान है, जो पिछले वर्ष के लगभग 50 लाख मीट्रिक टन से 15 लाख मैट्रिक टन कम है। इसका अर्थ यह है कि देश में चीनी की उपलब्धता पर निगरानी की जरूरत जरूर है, लेकिन इसे ऐसी स्थिति के रूप में प्रस्तुत करना कि देश में चीनी समाप्त होने वाली है, किसान और उपभोक्ता दोनों के हित में नहीं है।



### यूपी में गन्ने की उपलब्धता में बड़ी कमी

अब उत्तर प्रदेश पर आइए। उत्तर प्रदेश में 2025-26 के सीजन में चीनी मिलों को उपलब्ध गन्ने की मात्रा में पिछले वर्ष की तुलना में लगभग 63.12 लाख मीट्रिक टन की कमी की बात सामने आई है। यह लगभग 6.312 करोड़ क्विंटल गन्ना है। उपलब्ध रिपोर्टों में कम पैदावार के साथ-साथ गन्ने का कुछ हिस्सा खांडसारी इकाइयों की ओर भी जाता है। खांडसारी इकाई चलाने वालों से जब बात होती है तो उनके आंकड़े के अनुसार भी गत वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष कम गन्ना मिला है खांडसारी इकाइयों को, यदि केवल 400 प्रति क्विंटल के वर्तमान उत्तर प्रदेश SAP को आधार मानकर देखें तो- 6.312 करोड़ क्विंटल 400 = 2,524.8 करोड़ अर्थात लगभग 2,525 करोड़ मूल्य का गन्ना चीनी मिलों तक कम पहुंचा। यह आंकड़ा सीधे-सीधे किसानों का शुद्ध नुकसान नहीं कहा जा सकता, क्योंकि गन्ने का कुछ हिस्सा खांडसारी या गुड़ जैसी अन्य इकाइयों में गया है। यदि इस पूरे नुकसान का आकलन करते हैं तो यह लगभग 3200 करोड़ रुपए बैठता है। खांडसारी इकाइयों को गए हुए गन्ने का कोई ऑथेंटिक रिकॉर्ड नहीं है, खंडसारी इकाइयों का रिकॉर्ड लगभग 100 खंडसारी इकाइयों के मालिकों से बात करके लिया गया है, लेकिन यह आंकड़ा यह जरूर बताता है कि उत्तर प्रदेश के गन्ना क्षेत्र में उत्पादन और चीनी मिलों तक पहुंचने वाले कच्चे माल की मात्रा में कितना बड़ा आर्थिक अंतर पैदा हुआ है। यही वह बिंदु है जिस पर सरकार और चीनी उद्योग को गंभीरता से विचार करना चाहिए।

### जब चीनी महंगी हो सकती है तो गन्ने का मूल्य क्यों नहीं बढ़ सकता?

उत्तर प्रदेश में 2025-26 के लिए अगेती प्रजाति के गन्ने का भाव 400 प्रति क्विंटल, सामान्य प्रजाति का 390 प्रति क्विंटल और अन्य प्रजाति का 355 प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है। यह किसान के लिए निश्चित मूल्य है। सरकार का काम उपभोक्ता को महंगाई से बचाना है। इसमें कोई विवाद नहीं हो सकता। लेकिन सरकार की दूसरी जिम्मेदारी उत्पादक किसान को उसकी उपज का उचित मूल्य दिलाना भी है। जब किसान के घर गन्ना होता है, तब उसके सामने भुगतान, लागत और अगली फसल की चिंता होती है, वह अपनी फसल को महीनों रोककर नहीं रख सकता। गन्ना उसे निर्धारित समय पर चीनी मिल अथवा अन्य प्रसंस्करण इकाई तक पहुंचाना पड़ता है। लेकिन किसान के हाथ से गन्ना निकलने के बाद यदि चीनी का भाव बढ़ जाता है, तो सरकार स्टॉक लिमिट लगाती है, जमाखोरी की जांच करती है, आयात की अनुमति देती है और बाजार में कीमत नियंत्रित करने के कदम उठाती है। हाल में सरकार ने 10 लाख मीट्रिक टन कच्ची चीनी के शुल्क-मुक्त आयात की अनुमति भी दी है ताकि घरेलू बाजार में उपलब्धता बनी रहे और कीमतों पर नियंत्रण रखा जा सके। उपभोक्ता को राहत देना आवश्यक है, लेकिन सवाल यह है कि किसान के हित में ऐसी ही तत्परता कब दिखाई देगी?

### महंगाई हर चीज की बढ़ती है, किसान की फसल की कीमत क्यों नहीं?


जूते-चप्पल महंगे होते हैं। कपड़े महंगे होते हैं। दवाइयां महंगी होती हैं। खाद और कृषि रसायनों की कीमत बढ़ती है। बीज महंगे होते हैं। डीजल महंगा होता है। कृषि मशीनरी महंगी होती है। मजदूरी बढ़ती है। सरकारी कर्मचारियों के वेतन में समय-समय पर वृद्धि होती है, फिर किसान की फसल के मूल्य की बात आते ही लागत और महंगाई के बजाय उपभोक्ता की जेब का तर्क क्यों सामने आ जाता है? किसान भी इस देश का नागरिक है। उसके बच्चे भी अच्छी शिक्षा चाहते हैं। उसका परिवार भी बेहतर स्वास्थ्य चाहता है। उसे भी मकान बनाना है। उसे भी मशीन खरीदनी है। उसे भी अपनी अगली फसल में निवेश करना है। किसान को उसकी फसल का लाभकारी मूल्य मिलना कोई एहसान नहीं है। यह उसके श्रम, पूंजी, जोखिम और प्राकृतिक आपदाओं से लड़कर पैदा की गई उपज का न्यायसंगत प्रतिफल है।

### असली सवाल चीनी की कीमत नहीं, मूल्य-वितरण का है

आज सवाल यह नहीं होना चाहिए कि चीनी 50 किलो बिके या 55 रू.किलो। सवाल यह होना चाहिए कि-55 की चीनी में उस किसान का हिस्सा कितना है जिसने गन्ना पैदा किया है? जिस किसान ने खेत तैयार किया, बीज लगाया, खाद डाली, सिंचाई की, मजदूरी दी, रोग और मौसम से लड़ा और महीनों इंतजार के बाद अपनी फसल मिल को दी- क्या उसे बाजार में अंतिम उत्पाद की बढ़ी हुई कीमत में उचित हिस्सा नहीं मिलना चाहिए? सरकार को चीनी के स्टॉक और कीमतों पर निगरानी रखनी चाहिए। जमाखोरी और सट्टेबाजी पर कार्रवाई करनी चाहिए। उपभोक्ता को अनावश्यक महंगाई से बचाना चाहिए। लेकिन इसके साथ ही सरकार को किसान के हित में भी उतनी ही मजबूती से खड़ा होना होगा। किसान के घर फसल सस्ती और बाजार में पहुंचते ही महंगी- यह व्यवस्था बदलनी होगी, क्योंकि किसान को राहत नहीं चाहिए, किसान को दया नहीं चाहिए, किसान को उसकी फसल का लाभकारी मूल्य चाहिए- क्योंकि यह उसका अधिकार है और चीनी के बढ़ते दाम ने देश के सामने एक बार फिर यही मूल प्रश्न खड़ा कर दिया है, जब बाजार में किसान की फसल से बने उत्पाद की कीमत बढ़ सकती है, तो किसान की फसल का मूल्य क्यों नहीं बढ़ सकता?

# ऐसे ही इंसानों से यह संसार चल रहा....

संसार में अच्छे भी बहुत हैं और इंसानियत आज भी जिंदा है। यह घटना 24 अगस्त 2026 की है। मैं अपने विद्यालय आने के लिए नूरपुर-मुरादाबाद रोड पर कुमुखिया चौराहे पर खड़ा था। काफी देर से सवारी की प्रतीक्षा में था, क्योंकि कांवड़ यात्रा की सुविधा के लिए परिवहन निगम की बसें बंद हैं, इसलिए कोई सवारी नहीं मिल पा रही थी। सोच रहा था, कॉलेज के लिए निश्चित ही देर हो जायेगी। यह सोचकर मुझे खुद को आत्मग्लानि सी महसूस हो रही थी। बस एक नज़र आकाश की ओर देखा। अचानक मुरादाबाद से नूरपुर की ओर आती हुई एक फोर व्हीलर गाड़ी मुझे क्रॉस करने के 50-60 फीट के बाद रुकी और गाड़ी की खिड़की खुली। किसी ने मुझे आवाज़ लगाई। मैं समझा मेरे कोई परिचित हैं। मैंने देखा, अंदर एक सब इंस्पेक्टर, उत्तर प्रदेश पुलिस, गाड़ी में अकेले बैठे हुए हैं। मैं थोड़ा झिझका। उन्होंने कहा- बैठिए। मैं उनकी गाड़ी में बैठ गया। हम लोग नूरपुर की ओर चल दिए।




उन्होंने मुझसे पूछा, 'आपने गाड़ी को हाथ क्यों नहीं दिया' मैंने कहा-मुझे क्या मालूम था आप अकेले आ रहे हैं। मैं समझा आपका परिवार भी होगा, क्योंकि आप फोर व्हीलर से हैं। और वैसे भी किसी फोर व्हीलर को हाथ देने की हिम्मत नहीं होती है। उन्होंने कहा, कोई बात नहीं, मैंने आपकी वेशभूषा से ही पहचान लिया था कि क्या आप निश्चित ही कोई अध्यापक हैं या फिर बैंक इत्यादि में कार्यरत कर्मचारी हैं। आप कौन हैं? 'मैंने अपना परिचय दिया कि मैं मोरना में चौधरी यशपाल सिंह स्मारक इंटर कॉलेज का प्रिंसिपल हूं।' तब उन्होंने कहा, मेरी गाड़ी में जगह है, यदि मेरा परिवार मेरे साथ भी होता तब भी मैं आपको बैठा लेता, यही मानवता है। मुझे मालूम है कि यहां पर सवारी नहीं चल रही है और आप पता नहीं कितनी देर से यहां खड़े हुए होंगे।

उनकी बातें सुनकर मेरा हृदय गदगद हो गया। संसार में इंसानियत जिंदा है। मेरे कई घनिष्ठ मित्र एवं कई शिष्य पुलिस में इंस्पेक्टर, सब इंस्पेक्टर एवं कान्सटेबिल हैं, सभी बहुत अच्छे व्यक्ति हैं। उसी कड़ी में मुझे आज और एक अच्छे सब इंस्पेक्टर से मुलाकात करने का अवसर मिला। मेरे पुलिस वाले अच्छे मित्रों में एक मित्र और बढ़ गया। यह कहानी नहीं है, वास्तविकता है, ।

जब मैं नूरपुर अपने कॉलेज जाने के लिए उतरा, मैंने उनको धन्यवाद दिया। इससे पहले कि मैं उन्हें नमस्ते करता, उन्होंने हाथ जोड़कर मुझे नमस्ते की और मुझे विदा किया। नमन है ऐसे नवीन मित्र की सहृदयता के लिए जिन्होंने मुझे मानवता के पाठ का स्मरण कराया।

नमन है ऐसे पुलिस वालों को, ऐसे इंसानों को। जाती हुई गाड़ी को मैंने देखा, फिर आकाश की ओर देखा सोचा नीली छतरी वाले और

ऐसे ही इंसानों से यह संसार चल रहा है।

**-देवेंद्र सिंह चौहान, प्रधानाचार्य**
चौ.यशपाल सिंह स्मारक इंटर कॉलेज
मोरना (बिजनौर)
मो.09927258969

# भाजपा ने बूथ सशक्तिकरण सम्बंधी बैठक का आयोजन किया
## जिला प्रभारी ने पदाधिकारियों को प्रशिक्षण दिया

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** भारतीय जनता पार्टी कोटद्वार द्वारा 31 अगस्त से 15 सितंबर तक चलने वाले बूथ सशक्तिकरण अभियान को सफल बनाने के लिए वन विभाग के पनियाली स्थित अटल सभागार में जिला स्तरीय कार्ययोजना बैठक आयोजित की गई। बैठक में पार्टी पदाधिकारियों को शत-प्रतिशत बूथ टोलियों के पुनर्गठन, दायित्व निर्धारण, सक्रियता एवं प्रभावशीलता बढ़ाने का प्रशिक्षण दिया गया तथा प्रत्येक बूथ टोली को मजबूत बनाने का आह्वान किया गया।

भारतीय जनता पार्टी की जिला कार्य योजना बैठक का शुभारंभ भाजपा जिलाध्यक्ष राज गौरव नौटियाल, जिला प्रभारी रमेश मैखुरी, लैंसडौन विधायक महंत दिलीप रावत, कोटद्वार महापौर शैलेन्द्र सिंह रावत, गौ सेवा आयोग अध्यक्ष राजेन्द्र अन्थवाल एवं सिंचाई सलाहकार समिति उपाध्यक्ष ऋषि कंडवाल ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए राज गौरव नौटियाल ने कहा कि भाजपा की संगठनात्मक शक्ति का मूल आधार उसका बूथ स्तर तक मजबूत एवं सक्रिय संगठन है। बूथ कार्यकर्ता ही संगठन और जनता के बीच सबसे मजबूत संपर्क कड़ी हैं जो पार्टी के कार्यक्रमों और सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाते है।

उन्होंने बताया कि बूथ सशक्तिकरण अभियान की सफलता के लिए 26 अगस्त तक सभी मंडलों और 27 से 30 अगस्त तक सभी शक्तिकेंद्रों में कार्ययोजना बैठकें की जाएंगी। प्रशिक्षणों के बाद 31 अगस्त से 25 सितम्बर तक वृहद स्तर पर बूथ सशक्तिकरण अभियान संचालित किया जाएगा जिसमें सांसद, विधायक, महापौर आदि जनप्रतिनिधियों के साथ ही सभी पार्टी पदाधिकारी सक्रियता प्रतिभाग करेंगे।

बैठक के मुख्य वक्ता एवं जिला प्रभारी रमेश मैखुरी ने पदाधिकारियों को बूथ टोलियों के पुनर्गठन, कार्यकर्ताओं के दायित्व निर्धारण तथा बूथ स्तर पर नियमित गतिविधियों एवं जनसंपर्क को प्रभावी बनाने का प्रशिक्षण दिया। बैठक में भाजपा आईटी टीम के वरिष्ठ सदस्य शुभम मेहता ने पीपीटी के माध्यम से सरल एप्लिकेशन पर बूथ सशक्तिकरण अभियान की गतिविधियों को अपडेट करने का प्रशिक्षण दिया।

इस अवसर पर प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य संजय गौड़, सुमन कोटनाला, जिला महामंत्री सुरेन्द्र आर्य, अभियान सह संयोजक मोहन सिंह नेगी, हरि सिंह पुंडीर एवं जनीश चौधरी, जिला कोषाध्यक्ष अनीत चावला, जिला प्रकोष्ठ संयोजक प्रमोद डोबरियाल, सह संयोजक प्रमोद बंसल, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष शांता बमराड़ा, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष शशि बाला केष्टवाल, अल्पसंख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष सरदार गुरबचन सिंह सहित जिला एवं मंडल पदाधिकारी तथा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# त्योहारी सीजन से पहले मिठाई और डेयरी प्रतिष्ठानों पर प्रशासन की ताबड़तोड़ छापेमारी



**देहरादून ( चिंगारी )।** त्योहारी सीजन को देखते हुए खाद्य पदार्थों में मिलावट रोकने और लोगों को सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के लिए जिला प्रशासन ने व्यापक अभियान शुरू कर दिया है। मुख्यमंत्री के निर्देशों के बाद जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान ने अधिकारियों को खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता पर विशेष निगरानी रखने और मिलावटखोरी के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। इसी क्रम में उप जिलाधिकारी सदर अपूर्वा सिंह के नेतृत्व में जिला प्रशासन और खाद्य सुरक्षा विभाग की संयुक्त टीम ने देहरादून के कई प्रतिष्ठित खाद्य प्रतिष्ठानों, मिठाई की दुकानों, डेयरी, कैंटीन और रेस्टोरेंट में छापेमारी एवं निरीक्षण किया। टीम ने खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता, साफ-सफाई, रखरखाव और खाद्य सुरक्षा मानकों की जांच की। अभियान के दौरान आनंदम स्वीट्स, 5 स्टार, कोहली स्वीट्स और कालरा स्वीट्स समेत अन्य बड़े खाद्य एवं डेयरी प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया। टीम ने विभिन्न मिठाइयों और खाद्य सामग्री के सैंपल भी लिए, जिन्हें नियमानुसार जांच के लिए भेजा जा रहा है। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि त्योहारी सीजन के दौरान सैंपलिंग और निरीक्षण की कार्रवाई लगातार जारी रखी जाए। जांच रिपोर्ट के आधार पर नियमों के अनुसार प्रभावी कार्रवाई की जाएगी।

# उखड़ी सड़क की आठ माह बाद भी नहीं हुई मरम्मत
## आने-जाने वालों को हो रही भारी दिक्कत

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** पेयजल योजना के अंतर्गत पाइप लाइन बिछाने के लिए बीईएल रोड की खुदाई किए जाने के आठ माह बाद भी मार्ग की मरम्मत नहीं हो पाई है। डामर उखड़ने और मिट्टी धंसने से सड़क पर जगह-जगह गहरे गड्ढे हो गए हैं। इससे राहगीरों और वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लोगों का आरोप है कि शिकायत के बावजूद कार्यदायी संस्था यूयूएसडीए मार्ग की मरम्मत नहीं करा रही है। यही हाल जल निगम स्टोर-बीईएल वैकल्पिक मार्ग का भी है। मालूम हो कि बीईएल रोड पर भारत सरकार के उपक्रम भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड के अलावा तीन बड़े निजी स्कूल हैं। वहीं, खूनीबड़, जीवानंदपुर, शिवराजपुर और तल्ला मोटाढाक समेत भाबर और यूपी क्षेत्र के कई गांवों के लोग भी इसी मार्ग से आवाजाही करते हैं। पाइप लाइन बिछाने के बाद भारी वाहनों की आवाजाही से कई स्थानों पर मिट्टी धंस गई है, जिससे सड़क की स्थिति और खराब हो गई है।

बीईएल कर्मी प्रदीप बडोला, सुरेंद्र सिंह रावत, दिनेश गुसाईं और नटवरलाल ने बताया कि मार्ग की मरम्मत नहीं होने से रोजाना आवाजाही में दिक्कत हो रही है। जल निगम स्टोर से बीईएल की ओर जाने वाला वैकल्पिक मार्ग भी खोदाई के कारण खस्ताहाल है। इस संबंध में स्थानीय जनप्रतिनिधि समेत विभागीय अधिकारियों को कई बार लिखित रूप में अवगत कराया गया लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई।

# दोहरे हत्याकांड का फ़रार आरोपी सहारनपुर से गिरफ़्तार

**देहरादून ( चिंगारी )।** दून पुलिस ने वर्ष 2023 के दोहरे हत्याकांड के मामले में लंबे समय से फरार चल रहे आरोपी शहबाज को उत्तर प्रदेश के सहारनपुर जिले से गिरफ्तार किया है। आरोपी की जमानत हाईकोर्ट से निरस्त होने के बाद उसे संबंधित न्यायालय में सरेंडर करने के आदेश दिए गए थे, लेकिन वह लगातार फरार चल रहा था।



पुलिस के मुताबिक, वर्ष 2023 में थाना क्लेमेंटाउन क्षेत्र में हुए दोहरे हत्याकांड के मामले में वादी की तहरीर पर शहबाज के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। गिरफ्तारी के बाद अप्रैल 2025 में आरोपी को नैनीताल हाईकोर्ट से कुछ शर्तों के साथ जमानत मिली थी। पुलिस का कहना है कि जमानत पर बाहर आने के बाद आरोपी सहारनपुर में रहने वाले वादी और गवाहों को धमकी देने तथा जमीन से जुड़ी धोखाधड़ी के मामलों में भी संलिप्त रहा। इन मामलों में उसके खिलाफ थाना नागल, सहारनपुर में मुकदमे दर्ज किए गए। इसके बाद अगस्त 2025 में अपर जिला मजिस्ट्रेट, सहारनपुर के आदेश पर आरोपी को छह माह के लिए जिला बदर भी किया गया था।

आपराधिक गतिविधियों में लगातार संलिप्तता को देखते हुए नैनीताल हाईकोर्ट ने सुनवाई के दौरान आरोपी की जमानत निरस्त कर उसे संबंधित न्यायालय में आत्मसमर्पण करने के निर्देश दिए। इसके बावजूद आरोपी पुलिस और न्यायालय से बचते हुए फरार चल रहा था। पुलिस के अनुसार आरोपी थाना नागल, सहारनपुर का हिस्ट्रीशीटर भी है। गिरफ्तारी के बाद पुलिस द्वारा आरोपी के खिलाफ आगे की आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# विद्यार्थियों ने यातायात के नियमों के पालन की विद्यालय में शपथ ली

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** विकासखंड एकेश्वर के जनता इण्टर कालेज कमलपुर संगलाकोटी में प्रधानाचार्य संजय सिंह रावत के मार्गदर्शन में विद्यालय की प्रार्थना सभा में सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान समस्त छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों ने मिलकर सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने और यातायात नियमों का पालन करने की शपथ ली।

समारोह में उपस्थित सभी सदस्यों ने प्रतिज्ञा की कि वे वाहन चलाते एवं पैदल चलते समय पूरी सावधानी बरतेंगे। शपथ के दौरान दोपहिया वाहन चलाते समय बीआईएस स्वीकृत हेलमेट पहनने, पीछे बैठने वाली सवारी को भी हेलमेट पहनने के लिए प्रेरित करने, चार पहिया वाहन में सीट बेल्ट का प्रयोग करने तथा कभी भी नशे या मोबाइल फोन का प्रयोग करते हुए, तेज़ गति से वाहन न चलाने का संकल्प लिया गया।

इसके अतिरिक्त आपातकालीन वाहनों (एम्बुलेंस, फायर ब्रिगेड) को प्राथमिकता से रास्ता देने और सड़क दुर्घटना में घायलों की निस्संकोच मदद करने का भी वादा किया गया। कार्यक्रम के अंत में 'सुरक्षित यातायात-सुरक्षित जीवन' के संदेश के साथ 'जय हिंद' के नारे लगाए गए। विद्यालय प्रशासन ने बताया कि इस प्रकार के अभियानों का मुख्य उद्देश्य युवाओं और समाज में यातायात नियमों के प्रति जिम्मेदारी की भावना जागृत करना है।

# 'कण्वाश्रम : भरत से भारत वर्ष' पुस्तक का लोकार्पण

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खण्डूडी भूषण और लेखक मनोज ईष्टवाल ने प्रेस वार्ता कर 'कण्वाश्रम : भरत से भारत वर्ष' पुस्तक को राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम पुरस्कार मिलने की जानकारी साझा की। कैंप कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में ऋतु खण्डूडी ने बताया कि विगत 19 जुलाई को कण्व नगरी कोटद्वार में 'कण्वाश्रम-भरत से भारतवर्ष' पुस्तक का लोकार्पण किया गया था। मात्र एक माह के भीतर ही यह पुस्तक राष्ट्रीय स्तर पर चर्चाओं में आई और फेडरेशन ऑफ इंडियन पब्लिशर्स एवं मेंबर्स ऑफ इंटरनेशनल पब्लिशर्स एसोसिएशन, जिनेवा द्वारा 46वें पुरस्कार समारोह में आर्ट एवं कॉफी टेबल बुक श्रेणी में देशभर में प्रथम पुरस्कार से सम्मानित की गई। कहा कि यह उपलब्धि कण्वाश्रम की गौरवशाली विरासत के साथ-साथ कोटद्वार और पूरे उत्तराखंड के लिए गौरव का विषय है। उन्होंने बताया कि इस पुस्तक की विषयवस्तु, शोध, प्रस्तुति एवं प्रकाशन की गुणवत्ता को देखते हुए इसे 5,000 पुस्तकों में से प्रथम पुरस्कार के लिए चयनित किया गया। पुस्तक के लेखक मनोज ईष्टवाल ने बताया कि उन्होंने वर्ष 1989 से कण्वाश्रम के विषय पर कार्य करना प्रारंभ किया था तथा 1992 में कण्वाश्रम पर डॉक्यूमेंट्री बनाने का कार्य शुरू किया, जिसे वर्ष 1995 में 'शकुंतला' नृत्य-नाटिका के रूप में दूरदर्शन लखनऊ एवं दिल्ली द्वारा प्रसारित किया गया। कहा कि इसके बाद से वे लगातार कण्वाश्रम पर शोध एवं कार्य करते आ रहे हैं।

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
**आर. एन. आई. नं. 2417/57**
**डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27**
**E-Mail: dainikchingari@gmail.com**




# बिजनौर जेल की सुरक्षा हुई हाईटेक, हर गतिविधि पर रहेगी पैनी नजर

## 122 सीसीटीवी व 16 एआई कैमरे 24 घंटे करेंगे निगरानी, कंट्रोल रूम से होगी मॉनिटरिंग

**बिजनौर ( चिंगारी )।** जिला कारागार की सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक मजबूत एवं आधुनिक बनाने के लिए जेल प्रशासन ने हाईटेक निगरानी प्रणाली लागू की है। अब जेल परिसर के चप्पे-चप्पे पर सीसीटीवी कैमरों की नजर है। एआई आधारित कैमरों की मदद से संदिग्ध गतिविधियों पर लगातार निगरानी रखी जा रही है।जेल परिसर में कुल 122 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। इन कैमरों के माध्यम से मुख्य द्वार, बैरकों, मुलाकात स्थल, जेल परिसर और




अन्य संवेदनशील स्थानों की हर गतिविध पर नजर रखी जा रही है।

### 16 एआई कैमरे करेंगे स्मार्ट मॉनिटरिंग

पारंपरिक कैमरों के अलावा जेल में 16 एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) कैमरे भी लगाए गए हैं। ये कैमरे असामान्य या संदिग्ध गतिविधियों की पहचान कर तत्काल अलर्ट देने में सक्षम हैं। इससे सुरक्षा कर्मियों को किसी भी संभावित घटना की जानकारी तुरंत मिल सकेगी और समय रहते आवश्यक कार्रवाई की जा सकेगी। जेल परिसर में स्थापित कंट्रोल रूम से 24 घंटे मानेटरिंग की जा रही है। प्रशिक्षित कर्मचारी लगातार कैमरों की फुटेज पर नजर रख रहे हैं, ताकि किसी भी तरह की संदिग्ध गतिविधि सामने आते ही तत्काल कार्रवाई की जा सके।

जेल अधीक्षक राजेश कुमार सिंह ने बताया की जिला कारागार परिसर में 122 सीसीटीवी कैमरे व 16 एआई कैमरों से 24 घंटें निगरानी की जा रही है। हाईटेक निगरानी व्यवस्था का उद्देश्य जेल की सुरक्षा को और अधिक मजबूत बनाना, बंदियों की गतिविधियों पर प्रभावी निगरानी रखना तथा किसी भी अप्रिय घटना की आशंका को शून्य करना है। आधुनिक तकनीक के उपयोग से कारागार की सुरक्षा व्यवस्था पहले से अधिक सुदृढ़ और प्रभावी हो गई है।







